रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 14 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 223, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

बेस बिहान
करम परब
कर सब भाई बहिनमन के हार्दिक बधाई

# मोदी झारखंड से शुरू करेंगे देशभर के लिए दो करोड़ पीएम आवास का आवंटन

## 1,13,195 आवासों का राज्य को मिला लक्ष्य, 187.79 करोड़ रु की राशि जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड के जमशेदपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दो करोड़ नए घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। पीएम आवास योजना के अंतर्गत झारखंड के 20 हजार लाभार्थियों को इस दौरान स्वीकृति पत्र वितरित किए जायेंगे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में झारखण्ड राज्य को 1,13,195 आवासों का लक्ष्य दिया गया है जिसके समक्ष 187.79 करोड़ रु की राशि जारी की जा चुकी है। इसके बाद सोमवार को गुजरात और मंगलवार को ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्रमशः 31 हजार और 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे।

केन्द्रीय ग्रामीण आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पुसा में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। 16 सितंबर को गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना के 31 हजार लाभार्थियों के खाते में लगभग 93 करोड़ की राशि हस्तांतरित करेंगे और 35 हजार आवासों में गृह प्रवेश भी कराएंगे। 17 सितंबर को वे ओडिशा के भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे और 3,180 करोड़ की पहली किस्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे लाभार्थियों के खाते में करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान 'आवास प्लस 24' एप का भी अनावरण करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2016 से 2024 तक 2 लाख 95 करोड़ पक्के मकान स्वीकृत किए गए। इसमें से 2 करोड़ 65 लाख मकान बन चुके हैं। 2018 के आवास योजना के तहत तीन करोड़ मकान पांच साल के अंतर्गत सौंपे जाने हैं। इसमें दो करोड़ मकान ग्रामीण व एक करोड़ मकान शहरी क्षेत्र में दिए जाएंगे।

**31 हजार गुजरात के और ओडिशा के 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र मिलेगा**



### अब इन्हें भी मिलेगा पीएम आवास का लाभ

प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना के तहत जिनके पास दो पहिये वाहन, लैंडलाइन फोन व फ्रीज है और जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये है उन लोगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुविधायुक्त पक्के मकान मिल सकेंगे।

### पीएमजीएसवाई के चौथे चरण का होगा शुभारंभ

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव की जनता की जिंदगी बदली है। इसके तहत 1 लाख 63 हजार बसावटों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इस योजना के चौथे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लगभग 25 हजार नई बसाहटों को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जाएगा। 62 हजार 500 किलोमीटर सड़के बनाई जाएंगी।

## प्रधानमंत्री जमशेदपुर से कल देंगे छह **वंदेभारत** का **तोहफा**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आयेंगे। वह जमशेदपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे। साथ ही गोपाल मैदान में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सभा में शामिल होंगे। इस दौरान उनका रोड-शो भी होगा। प्रधानमंत्री झारखंड में लगभग छह घंटे रहेंगे। प्रधानमंत्री रविवार को सुबह 8:45 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। फिर सोनारी हवाई अड्डा से टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री यहां से झारखंड सहित अन्य राज्यों के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। शेष पेज 11 पर...

### इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे पीएम

1. टाटानगर-पटना को टाटानगर हरी झंडी दिखायी जायेगी
2. वाराणसी-देवघर ट्रेन देवघर रवाना होगी
3. टाटानगर-बहरामपुर ट्रेन का बहरामपुर से उदघाटन
4. हावड़ा-धनबाद-गया ट्रेन का गया से उदघाटन
5. हावड़ा-दुमका-भागलपुर ट्रेन भागलपुर से रवाना होगी
6. हावड़ा-टाटानगर-राउरकेला ट्रेन राउरकेला से उदघाटन



## श्री रामलला पूजा समिति को पंडाल बनाने से पुलिस ने रोका



▸ थाना प्रभारी ने कहा की वरीय अधिकारियों का आदेश लेकर आने के बाद ही पंडाल का निर्माण शुरू हो सकेगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के पुराना विधानसभा मैदान में बन रहे दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण को शुक्रवार को पुलिस ने रोक दिया। यहां श्री रामलला पूजा समिति की ओर से अयोध्या धाम के श्री रामलला मंदिर के प्रारूप का पंडाल बनाया जा रहा है। इसकी लागत 98 लाख रुपये है।

पंडाल का निर्माण रोकने से समिति के सदस्यों में रोष है। हटिया विधायक नवीन जयसवाल और रांची विधायक सीपी सिंह ने भी इसपर नाराजगी जताई है। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने कहा की वरीय अधिकारियों का आदेश लेकर आने के बाद ही पंडाल का निर्माण शुरू हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर समिति की ओर से बताया गया कि शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ पंडाल के समीप बैठक होगी। पूजा समिति के महासचिव कुणाल आजमानी ने कहा कि मैदान में 13 दिनों से पूजा पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा था। जगरनाथपुर थाना पुलिस अचानक पहुंचकर पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे कारीगरों और मजदूरों को काम बंद करने का आदेश दिया। जबकि यह जगह एचईसी को 8 लाख रुपये देकर भाड़े पर ली गई है। पंडाल निर्माण रोकने के मामले को लेकर शहर की कई पूजा समितियों की बैठक हुई। बैठक में पूजा पंडाल निर्माण से पहले जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित करने की बात कही गई। कुणाल आजमानी ने कहा कि अधिकारियों ने पूजा पंडाल निर्माण को लेकर पहले कोई दिशा-निर्देश नहीं दिया। अब जब आधा पंडाल बन गया है, तो विघ्न डाला जा रहा है। शेष पेज 11 पर...

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज पहुंचेंगे रांची



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे के पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल एवं इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 14 सितंबर की शाम रांची पहुंचेंगे। इसके उपरांत वे 15 सितंबर को टाटानगर स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन समारोह के लिए जमशेदपुर में उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची में नो फ्लाई जोन घोषित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची दौरा 19 और 20 सितंबर को प्रस्तावित है। रांची डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची में नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। राष्ट्रपति के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन और कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेगा।

यह जानकारी सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने दी। ये निषेधाज्ञा 19 और 20 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगा। इसके अंतर्गत 19 सितंबर को बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन और 20 सितंबर को राजभवन से अरगोड़ा चौक से कडरु होते हुए राजेन्द्र चौक से सदाबहार चौक से आईसीएआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंड्री एग्रीकल्चर नामकुम के 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।



## आपके दरवाजे पर मौजूद है सरकारी तंत्र : हेमंत सोरेन

▸ मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को 733 योजनाओं का दिया तोहफा

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पूरा सरकारी तंत्र मौजूद है। आप आगे आएं और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं। आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हमारी प्राथमिकता है। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हम आगे भी आपके बीच कई नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक वैसा भी वक्त था जब आपको सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। दलालों के चक्कर में पड़कर आप अपना पैसा भी गंवाते थे और योजना का लाभ भी नहीं मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने इस तरह से नीतियां और योजनाओं को लागू करने का काम किया है, जिससे आपको ना तो बार-बार ब्लॉक ऑफिस जाना पड़ता है और ना ही दलालों के आगे-पीछे घूमना पड़ता है। शेष पेज 11 पर...




### बोकारो को 302, रामगढ़ को 431 योजनाएं

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ 44 लाख हजार रुपये की 733 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत 40872.20 लाख रुपये की 431 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है जबकि बोकारो जिला अंतर्गत 52594.26 लाख रुपये की 302 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। वहीं, दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच लगभग 342 करोड़ 90 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।

### आज कल




## हिंदी दिवस आज : 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसी दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी (देवनागरी लिपि) को भारत की राजभाषा के रूप में मान्यता दी। इस लिहाज से यह दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हिंदी दिवस ना सिर्फ हिंदी भाषा की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसके अलावा देश की सांस्कृतिक एकता का भी प्रतिनिधि है। आज दुनिया के कई देशों की विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है तो कई देशों में आधिकारिक भाषा है। इन देशों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल और फिजी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। पाकिस्तान बंटवारे के पहले तक भारत का हिस्सा था। हालांकि, विभाजन के बाद भी पाकिस्तान में हिंदी भाषा बोली जाती है। पाकिस्तान में उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बलूची से लेकर अंग्रेजी तक सुनने को मिलता है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग हिंदी में भी बात करते हैं। खास बात यह है कि उर्दू भाषा के कई शब्द भी हिंदी से लिए गए हैं। अफगानिस्तान से लेकर फिजी तक आपको हिंदी में बोलते लोग दिख जाएंगे। 1997 के फिजी के संविधान के मुताबिक हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा का दर्जा मिला हुआ है। अफगानिस्तान के प्रमुख शहरों काबुल और कंधार (गंधार प्रदेश) का जिक्र महाभारत में है। भारत के प्राचीन महाकाव्य में राजा शकुनी के प्रदेश को गंधार नाम से संबोधित किया गया है। यहां की एक बड़ी आबादी भी हिंदी बोल-समझ सकती है। भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में भी हिंदी को विशेष दर्जा मिला हुआ है। बांग्लादेश की आधिकारिक भाषा बांग्ला है। यहां बड़ी संख्या में हिंदू भी रहते हैं और हिंदी भाषा का भी खूब इस्तेमाल करते हैं। यहां हिंदी और बांग्ला दोनों को प्रमुख भाषा के रूप में प्रयोग किया जाता है।




### मांझी परगना महासम्मेलन में शिरकत करेंगे चंपाई

## बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ 16 को पाकुड़ में आदिवासी ग्राम प्रधानों की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के संथाल परगना प्रमंडल में बांग्लादेशियों की घुसपैठ का मुद्दा गरमा गया है। पाकुड़ जिले के कुछ गांवों में हाल में आदिवासियों और हिंदुओं पर हमले की घटनाओं के बाद लोग गुस्से में हैं। आदिवासी समाज के लोग अब घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन के लिए गोलबंद हो रहे हैं। आदिवासी समाज ने इस मुद्दे पर 16 सितंबर को पाकुड़ जिले के हिरणपुर में पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम प्रधानों का महासम्मेलन बुलाया है। 'मांझी परगना महासम्मेलन' के नाम से होने वाले इस आयोजन में झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा नेता चंपई सोरेन खास तौर पर शिरकत करेंगे। चंपाई सोरेन ने कहा है कि इस महासम्मेलन में हम लोग समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं अन्य मार्गदर्शकों के साथ बैठ कर घुसपैठ और अपनी ही जमीन से बेदखल होते आदिवासियों की समस्या का कारण समझने तथा समाधान तलाशने पर मंथन करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकुड़ ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की धरती है। अब इसी धरती से पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान होगा।

## इंडिया | अब नहीं मिलते करम डाइर करम गीतों को लील रहे डीजे

कभी एक समय था जब भादो एकादशी नु करम गड़ाय जैसे गीतों से गांवों के आखरा एक सप्ताह पहले से मांदर की सुरीली ताल पर लयबद्ध समूहिक नृत्य नयनाभिराम दृश्य उपस्थित करते थे और नाचने वाले के साथ करम राग के गीतों से दर्शकों के पांव भी थिरकने लगते थे । इन पंक्तिबद्ध समूह नृत्यों का क्रम रात भर चलता था और झारखंड के ग्रामीण कुछ दिनों के लिए अपना सारा गम सारा दुख भूल जाते थे । कौन आदिवासी कौन गैर आदिवासी गांवों में कोई नहीं जानता था । सभी को करम देवता पर विश्वास था कि उनका सलेया डहुरी गाड़ने से धान के खेतों को कोई नुकसान नहीं हो सकता । घरों में कीड़े मकोड़ों से लेकर बुराई तक नहीं आ सकती पर बहुत से गांवों में अब करम गीत बड़े बूढ़ों के साथ समाप्त होते जा रहे हैं । मांदर से ज्यादा आधुनिक बाइक और स्मार्ट फोन की दीवानगी ने आखरा को वीरान कर दिया है । गांवों में अब जाति पाती से ऊपर उठकर जीवन भर दोस्ती निभाने वाले करम डाइर नहीं मिलते क्योंकि करम परब के समय करम जोड़ाने की परंपरा ही समाप्ती पर है । पड़ोसी बिहार और यूपी की तरह जाति और धर्म के साथ हम हिंदू नहीं सरना जैसे भेदभाव में बंटे युवा किसी न किसी पार्टी से जुड़े हैं और उस पार्टी विशेष के वोट बैंक की राजनीति या सिद्धान्त से साफ-साफ प्रभावित हैं । झारखंड के अधिकांश गांवों पुराने लोग आज भी किसी को पानी पिलाने या बैठाने से पहले उसकी जाति नहीं पूछते क्योंकि जातिवाद या ऐसे भेदभाव यहां की परंपरा नहीं रही पर पड़ोसी बंगाल की तरह बहुत से गांवों में पार्टियों के कैडर तैयार हो रहे हैं जिन्हें विभिन्न पार्टियां चुनावी रणनीतिकारों की बनाई जीत की नीति के तहत तैयार कर रही हैं जिन्हें मतलब सिर्फ अपनों से है। सब कुछ इसी तरह चलता रहा तो विकास योजनाओं की रेलपेल से मालामाल सरकारी अफसरों और ग्रामीणों के बीच बिचौलियों का काम करने वाले राजनीतिक पार्टियों से जुड़े युवा दिखावे के लिए भले सरना झंडा लगा लें डीजे बाजा लें पर भाई बहन के प्यार का यह त्योहार जावा और करम डाइर जैसी हृदयस्पर्शी भावनाओं से दूर होते जाएंगे । बिहार के कैमूर और रोहतास के प्रायः घर घर में करम एकादशी बहुत ही श्रद्धा से मनाई जाती है जहां से उरांव जनजाति के पुरखे आए थे । बिहार के अलावा बंगाल,ओड़ीशा,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी प्रमुखता से करम परब मनाया जाता है ।वैसे भादो एकादशी को व्रत रखने की परंपरा कई राज्यों में है जिसपर शोध की आवश्यकता है । भेदभाव की राजनीति,डीजे का शोर और आधुनिकता के ज़ोर में प्रकृति को समर्पित यह परब अपने अस्तित्व को खो न दे इसके लिए इसके मर्म को समझने के लिए करम-धरम कथा को समझना आवश्यक है । कुछ बनावटी और दिखावटी करम परब मनाने वाले जो करें पर उरांव समाज के प्रबुद्ध लोगों को इसके मूल स्वरूप और पवित्रता को बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए । झारखंड सरकार और विशेषकर कला संस्कृति विभाग इस महान प्रकृति पर्व और सरहुल सोहराई जैसे अनूठे त्योहारों पर शोध करा सकती है और इसे राजस्थान के सांस्कृतिक पर्यटन उद्योग या हिमाचल प्रदेश के कुलु महोत्सव की तरह अंतरर्राष्ट्रीय रूप दे सकती है जिससे अनेक कलाकारों,वाद्य यंत्र निर्माताओं से लेकर होटल और स्वागत सत्कार उद्योग तथा वाहन उद्योग को संरक्षण भी मिल सकता है और रोजगार के बड़े अवसर पनप सकते हैं जिसकी झारखंड को बहुत आवश्यकता है । इससे पलायन और उग्रवाद जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिल सकती है । झारखंड की संस्कृति और परंपराएं हमेशा से प्रकृति वनों और शांति की प्रतीक रहीं हैं जिन्हें बचाकर वोट की राजनीति से दूर रखना हर झारखंडी का भी कर्तव्य होना चाहिए क्योंकि यही इनकी मूल पहचान है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



### गुलामी के सभी प्रतीकों से **मुक्ति**


## केंद्र ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्राचीन श्री विजय साम्राज्य से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा, श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दशार्ता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।



# आंकड़े छुपाने से सच्चाई नहीं बदल जाती : चंपाई सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर से हेमंत सरकार को घेरा। चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल एक्स पर कहा है कि वोट बैंक के लिए कुछ राजनीतिक दल भले ही आंकड़े छुपाने का प्रयास करें लेकिन शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर गाड़ लेने से सच्चाई नहीं बदल जाती। हां, वोटर लिस्ट पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी माटी, हमारी जन्मभूमि से हमें ही बेदखल करने में बांग्लादेशी घुसपैठिए काफी हद तक सफल हो गए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की धरती पाकुड़ पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखाएगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि संथाल हूल के दौरान, स्थानीय संथाल विद्रोहियों के डर से अंग्रेजों ने पाकुड़ (झारखंड) में मार्टिलो टावर का निर्माण करवाया था, जो आज भी है। इसी टावर में छिप कर अंग्रेज सैनिक, स्वयं बचते हुये, इसके छेद से बंदूक द्वारा पारंपरिक हथियारों से लैस संथाल विद्रोहियों पर गोलियां बरसाते थे। इस वीर भूमि की ऐसी कई कहानियां आज भी बड़े-बुजुर्ग गर्व के साथ सुनाते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि आज उसी पाकुड़ में हमारा आदिवासी समाज अल्पसंख्यक हो चुका है?

उन्होंने कहा कि पाकुड़ के जिकरहट्टी स्थित संथाली टोला और मालपहाड़िया गांव में अब आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है, तो आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गए? उनकी जमीनों, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है? इसके साथ-साथ वहां के दर्जनों अन्य गांवों-टोलों को जमाई टोला में कौन बदल रहा है? अगर वे स्थानीय हैं, तो फिर उनका अपना घर कहाँ है? वे लोग जमाई टोलों में क्यों रहते हैं? किस के संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है? इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए आगामी 16 सितंबर को आदिवासी समाज द्वारा पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में मांझी परगाना महासम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें हम लोग समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं अन्य मार्गदर्शकों के साथ बैठ कर इस समस्या का कारण समझने तथा समाधान तलाशने पर मंथन करेंगे। इसी दिन बाबा तिलका मांझी और वीर सिदो-कान्हू के संघर्ष से प्रेरणा लेकर हमारा आदिवासी समाज अपने अस्तित्व तथा माताओं, बहनों एवं बेटियों की अस्मत बचाने हेतु सामाजिक जन-आंदोलन शुरू करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### हाईकोर्ट से नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को झटका




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल एवं सहयोगी राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद नीरज मित्तल एवं राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अलग-अलग जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट में आग्रह किया गया है। वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र पूर्व में दाखिल कर दिया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। दिल्ली से नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया गया था। वही राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टेड एकाउंटेंट हैं। यह दोनों आरोपित फिलहाल ईडी की न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर बिजली विभाग के तीन अफसर प्रतिनियुक्त

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बिजली विभाग ने तीन अफसरों की प्रतिनियुक्ति की है। ऊर्जा विभाग, विद्युत निरीक्षणालय रांची सर्कल ने विद्युत निरीक्षक प्रफूल कुमार गुप्ता, सहायक विद्युत निरीक्षक शैलजानंद प्रकाश और अजय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की है। तीनों अधिकारी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में बिजली व्यवस्था देखेंगे। साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश के तहत बिजली व्यवस्था को संचालित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही रोड शो भी करेंगे। वे लगभग 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत भी करेंगे। एक लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच दो-दो लाख रुपये की राशि भी खाते में भेजी जायेगी।

### लैब असिस्टेंट नियुक्ति मामले में आठ अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट रिजर्व रखने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में लैब असिस्टेंट नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को उन आठ अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट रिजर्व रखने का निर्देश दिया है, जिन्होंने हाई कोर्ट के याचिका दाखिल की है। इस संबंध में दिव्यांशु राज और अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। दरअसल, ने लैब असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति निकाली थी। नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में रखी गयी शर्त और नियुक्ति नियमावली में अंतर था, जिसके खिलाफ आठ लोगों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

खेल घोटाले का जिन्न फिर बाहर निकलेगा

# अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार कर फिर जांच का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच से संबंधित सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर की है। कोर्ट ने सीबीआई को दोबारा जांच करने का आदेश देते हुए क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दायर की थी। सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती देते हुए शिकायतकर्ता ने विधानसभा कमेटी की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सीबीआई जांच को जारी रखने की मांग की थी।



साल 2011 में रांची में हुआ था 34वां राष्ट्रीय खेल पंकज ने राष्ट्रीय खेल मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण में अनियमितता समिति के विधानसभा कमेटी के संयोजक सरयू राय और सदस्य राधाकृष्ण किशोर की निष्कर्ष और अनुशंसा पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रोटेस्ट दाखिल की थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पंकज यादव ने अदालत का ध्यान परामर्शी का चयन और तत्कालीन खेल मंत्री द्वारा टेंडर खुल जाने के बाद अपने पसंदीदा सवेंदक को टेंडर दिलाने की ओर आकृष्ट कराया था। साथ ही तत्कालीन मंत्री सुदेश महतो और उनके आप्त सचिव गोपाल जी तिवारी का विदेश भ्रमण का मुद्दा भी उठाया था। वहीं सूर्य सिंह बेसरा ने विधानसभा कमिटी के सदस्यों से पूछे बगैर क्लोजर रिपोर्ट जमा कर देने पर सीबीआई की मंशा पर सवाल उठाया था। 34वां राष्ट्रीय खेल साल 2011 में रांची में हुआ था। जिसके आयोजन के बाद कई तरह की वित्तीय अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले सामने आये थे। इस मामले की जांच सीबीआई ने की है।

### पूर्व मंत्री के पीएस संजीव कुमार लाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पीएमएमलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को टेंडर कमीशन मामले के आरोपित पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। संजीव लाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने छह मई को छापेमारी के दौरान संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.30 करोड़ रुपए जब्त किये थे। उसी दिन ईडी ने देर रात संजीव लाल एवं जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। सात मई को अदालत में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया था। तब से दोनों जेल में है।

### राज्य के 33 हजार वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट राज्य 33 हजार वकीलों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के 15 हजार अधिवक्ताओं के लिए ही स्वास्थ्य बीमा करने का निर्णय लिया है। उनकी ओर से कहा गया कि राज्य में 33 हजार हजार वकील हैं, इन सभी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा वकीलों के परिवार को भी स्वास्थ्य स्कीम से जोड़ने का उन्होंने आग्रह किया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सभी अधिवक्ताओं को ट्रस्टी कमेटी से भी जोड़ दिया जाएगा, जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस संबंध में निर्णय लेकर कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। मामले में विदेश कुमार धन ने जनहित याचिका दाखिल कर राज्य के सभी अधिवक्ताओं को हेल्थ बीमा करने का आग्रह किया है। सात जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के वकीलों के साथ सीधा संवाद किया था। उसी दौरान उन्होंने वकीलों से यह वादा किया था कि वे वकीलों को स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा से जोड़ेंगे। इसके बाद कैबिनेट की बैठक में सरकार ने निर्णय लिया कि राज्य के लगभग 15 हजार वकील जो ट्रस्टी कमिटी के सदस्य हैं, उन्हें स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा जाएगा।

### हेमंत सोरेन के सशरीर कोर्ट में उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर अगली सुनवाई एक अक्टूबर को

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट से समय की मांग की। इसके बाद अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि एक अक्टूबर को निर्धारित की है। मामले की सुनवाई एमपीएलएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में हुई। इससे पूर्व ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया था। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की थी। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

### जमशेदपुर को इंडस्ट्रियल टाउन बनाये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड सरकार द्वारा 23 दिसंबर 2023 के नोटिफिकेशन के तहत पूरे जमशेदपुर के 15460 एकड़ जमीन जिसमें टाटा स्टील की फैक्टरी एवं उसकी कॉलोनी के साथ-साथ जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी भी है। हाई कोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि इसी तरह के एक मामले में जवाहरलाल शर्मा एवं झारखंड सरकार एवं अन्य, जिसमें जमशेदपुर को नगर निगम बनाने और इंडस्ट्रियल टाउन नहीं बनने को लेकर रिट याचिका वर्ष 2018 में दाखिल की गई है, जो लंबित है।

# कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी मो. इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इजहार अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपये के कोल लिंकेज के हेराफेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। ईडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले के तथ्य के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। इस दौरान उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किया गया था।

### बाबूलाल मरांडी ने करमा पर्व की दी शुभकामनाएं



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने करम पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाई बहन का पर्व समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगलमय हो। मरांडी ने कहा कि भाई बहन का यह पर्व झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज का महत्वपूर्ण उत्सव है। यह प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि करम पर्व हर घर में खुशियों का सौगात लेकर आए।

### पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 21 को

**रांची।** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 21 सितंबर की अगली तिथि निर्धारित की है। ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी में सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुआ था।

# मुख्यमंत्री बताएं पांच वर्षों में राज्य में कितने बलात्कारियों को हुई सजा : गीता कोड़ा

## सर्वाधिक आदिवासी और दलित बेटियां हैं पीड़ित

**7000 से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व सांसद व भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की बहन बेटियों पर लगातार खतरे बढ़ रहे। बेटियां आज असुरक्षित हैं। और अपराधी बेलगाम हैं। कहा कि पिछले 5वर्षों में राज्य में 7000से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। जिसमे अधिकांश घटनाएं आदिवासी दलित समाज की बहन बेटियों के साथ घटी है। कहा कि चाहे रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या हो,या रुबिका पहाड़िया को 52 टुकड़ों में काट कर फेंकना।अपने घर में सोई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर उसे जलाकर मारना,और दरोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचलकर मार देना। ऐसे हजारों जघन्य अपराध पिछले 5वर्षों में राज्य की महिलाओं की स्थिति को बताते हैं। कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही।हेमंत सरकार केलिए बेटियों की इज्जत नहीं वोट बैंक प्रिय है।


गीता कोड़ा

कहा कि मुख्यमंत्री जी को बताना चाहिए कि अबतक कितने बलात्कारियों को राज्य सरकार ने सजा दिलाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में कितने मामले लंबित हैं। कहा कि राज्य की बेटियां हेमंत सरकार के कुर्सी मोह को जान चुकी है। इन्हे बेटियों के सम्मान से कुछ भी लेना देना नही है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में की योजनाओं की समीक्षा

# 2,551 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को दी अपग्रेड करने की मंजूरी

**झारखंड में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 26 लाख से अधिक गतिविधियां पूरी हुई**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए रांची का दौरा किया।



परियोजना भवन के सम्मेलन कक्ष में बैठक हुई। मंत्री ने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए पीएम आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के दायरे बढ़ाये जाने पर प्रधान मंत्री को धन्यवाद दिया। वहीं कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों को शामिल करने के साथ-साथ भारत में बीमा पैठ बढ़ेगी।

उन्होंने बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में अपग्रेड करने पर जोर दिया। इस दिशा में, झारखंड में 2,551 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों में अपग्रेड करने की मंजूरी दी। मंत्री ने कहा कि मिशन सक्षम आंगनबाड़ी को सुसज्जित बनाने पर केंद्रित है। बाल विकास, पोषण और स्वास्थ्य में एकीकृत सेवाएं प्रदान करते हैं। इस दिशा में, झारखंड राज्य में 6,850 आंगनबाड़ी केंद्रों को पहले ही अपग्रेड करने की मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने विशेष रूप से पीएम-जनमन योजना के माध्यम से आदिवासी समुदाय की बेहतरी के प्रति प्रधान मंत्री की प्रतिबद्धता पर भी बात की। इसे सफल बनाने के लिए, झारखंड में 111 आंगनबाड़ी केंद्रों को निधि आवंटित की गई है, जो विशेष रूप से कमजोर आदिवासी आबादी वाले क्षेत्रों को शामिल करता है। इसके अलावा पोषण माह समारोहों की भी सराहना की, जिसमें बताया गया कि देश भर में 3.8 करोड़ से अधिक गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं। अकेले झारखंड में, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 26 लाख से अधिक गतिविधियां पूरी हुई हैं। बैठक में झारखंड के महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव ी मनोज कुमार और भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ज्ञानेश भारती सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पीएम-जनमन योजना के कार्यान्वयन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण में सुधार और राज्य की एकीकृत बाल विकास सेवाओं में परिचालन चुनौतियों का समाधान जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करें।



# नाला अतिक्रमण को लेकर हटिया विधायक से मिले रैयत



▸ नगर निगम उपप्रशासक कानून के दायरे में रह कर करें निष्पक्ष काम : नवीन जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचशीलनगर के सामने स्थित पंडरा नाला की जमीन को कुछ दबंगों ने अतिक्रमित कर रखा है। नाला पर पक्का दुकान व मकान बना दिया है। इस कारण पानी का बहाव अवरूद्ध हो गया है। राधानगर और शांति नगर के लोगों का भी बुरा हाल है। इलाके में 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ है। राशन के लिए भी लोग घर से बाहर निकलने के लिए सोंच रहे हैं।

इतनी भारी परेशानी के बीच भी नगर निगम को दया नहीं आ रही। अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराने के बजाय दबंगों के सामने घुटने टेक दिया है। उल्टे, खाली जमीन पर रैयतों को ही उनका स्वामित्व साबित करने का फरमान नगर निगम उपप्रशासक रवींद्र कुमार ने दे दिया। इससे आहत रैयतों ने विधायक नवीन जायसवाल से अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए फरियाद लगाया। विधायक नवीन जायसवाल ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए नगर निगम उपप्रशासक रवींद्र कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान के अनुसार, नाला गैरमजरूआ जमीन पर है और इस जमीन का अतिक्रमण हुआ है। अतिक्रमण की पुष्टि हेहल अंचल और टाउन प्लानर ने किया है। अब, किस बात का संशय है? कानून के दायरे में रह कर निष्पक्ष काम करें। अतिक्रमित क्षेत्र को खाली कराकर नाला के पानी को अवरूद्ध मुक्त करें। किसी का खाली जमीन देखकर उसमें नाला बनाना, नाला का पानी बहाना कहाँ तक तर्कसंगत है।



▸ कई कमियां पायी गयी सुधार का दिया निर्देश

## डीएसई ने राजकीय मध्य विद्यालय चड़री का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय चड़री का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने निरीक्षण क्रम में पाया की विद्यालय परिसर में काफी गंदगी हैं। विद्यालय में चार शिक्षक पदस्थापित है। प्रधानाचार्य कक्ष व्यवस्थित नही था। विद्यालय में कक्षाओं के लिए कमरों का अभाव पाया गया। जिसकी वजह से कक्षाएं संयुक्त रूप से संचालित की जा रही थी। लेकिन कक्षाओं का संयोजन संतुलित रूप से नहीं किया गया था। कक्षा सातवीं के साथ कक्षा चार और के.जी. के बच्चों को बिठाया गया। कक्षा आठवीं के साथ तीसरी कक्षा के बच्चों को बिठाया गया था। जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा छात्रों को उनके बौद्धिक स्तर के अनुसार आसपास की कक्षाओं का संयोजन करते हुए एक साथ बिठाने का निर्देश दिया। ताकि उन्हें एक दूसरे से सीखने में भी आसानी होगी। छात्र बहुत से आसान सवालों का भी जवाब नहीं दे पा रहे थे। छात्रों में बेसिक्स का अभाव पाया गया। कक्षा आठवीं के छात्र गणित, भाषा और सामान्य ज्ञान के बहुत ही सामान्य सवालों का भी जवाब नहीं दे पा रहे थे। मध्यान भोजन किचन गंदा पाया गया। विद्यालय में अधिष्ठापन हेतु आउटडोर गेम्स की सामग्री मिली थी। जो स्थान के अभाव में पैकेट में ही बंद पड़ा मिला। जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा निर्देश देते हुए कहा की यह सामग्री सुरक्षित स्थान पर रखा जाए एवं किसी उपभोग होने लायक विद्यालय में भविष्य में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन

## आज के दौर में हिंदी का क्रेज पूरी दुनिया में बढ़ा है : डॉ बीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज के दौर में हिन्दी का क्रेज पूरी दुनिया में बढ़ी है। हिन्दी बहुत ही समृद्ध भाषा है और भी इसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता है। वर्तमान में नित्य प्रतिदिन हिन्दी शब्दकोश बढ़ रहे हैं। हिन्दी भाषा समावेशी, सरल और स्पष्ट है। हिन्दी बोलने और लिखने में कोई सुविधा नहीं है। जितनी सरल भाषा से हिन्दी में हम संप्रेषित कर सकते हैं दूसरे में नहीं ज्यादा से ज्यादा हम व्यावहारिक में प्रयोग भी करें। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ समर सिंह ने हिन्दी दिवस मनाने के संवैधानिक दर्जा से लेकर हिंदी के दशा व दिशा पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डॉ सावित्री कुमारी ने कार्यक्रम के विषय प्रवेश किए व कार्यक्रम का संचालन डॉ त्रिभुवण शाही ने किया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल बीरेन्द्र कुल्लू ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो राजेश कुजूर, डॉ उषा कीड़ो, डॉ रणजीत चौधरी , डॉ सीमा सुरीन, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ प्रेमा कुमारी , डॉ जुरन सिंह मुंडा, डॉ रीना कुमारी , डॉ संजय सारंगी, डॉ सुबास साहु डॉ मुकेश ओराव डॉ राजश्री जी डॉ अनीता गुप्ता सहित कई गणमान्य शिक्षक गण व सैकड़ों विद्यार्थीगण उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिये निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के सभी सेमेस्टर विद्यार्थियों ने बाढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में छोटू कुमार, आरती कुमारी , कमला कुमारी सालू कुमारी, श्वेता केरकेट्टा, अर्चना कुजूर सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हुए।

## रांची में आठ जगहों पर 35 रुपये किलो प्याज बिकना शुरू : निधि खरे

**रांची।** केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि प्याज के दाम को नियंत्रित रखने के लिए केंद्र सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। बढ़ते हुए मूल्य पर नियंत्रण के लिए बफर स्टॉक के प्याज को सस्ती दरों पर प्याज बेचने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में शुक्रवार को रांची सहित आधा दर्जन बड़े शहरों में 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री शुरू की गयी है। झारखंड की राजधानी रांची में नेफेड और एनसीसीएफ की तरफ से आठ स्थल चिह्नित किए गए हैं। यहां मोबाइल वैन लगाकर रियायती दरों पर प्याज की बिक्री शुरू की गयी है। खरे ने कहा कि आमलोगों के लिए रांची के कांके रोड (स्पीकर आवास के पास), पिस्का मोड़, मोरहाबादी, चांदनी चौक (कांके), लालपुर चौक, बिरला मैदान, बहु बाजार और बरियातू में मोबाइल वैन के माध्यम से बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता यहां से 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज खरीद रहे हैं। इससे उन्हें मंहगाई से राहत मिल रही है।

## अस्पतालों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, झारखंड के द्वारा शुक्रवार को रांची के प्रमुख प्राइवेट अस्पतालों के साथ शुक्रवार को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन निदेशालय अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य अभियान निदेशक पवन कुमार (भा.प्र.से) के द्वारा की गई। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में रांची के सभी प्रमुख अस्पतालों में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने के संबंध में विस्तार से विमर्श किया गया। इस योजना के तहत सभी प्राइवेट अस्पतालों में शत प्रतिशत हेल्थ प्रोफेशनल की रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी की रजिस्ट्री एवं अन्य घटकों को पूर्ण रूप से लागू करने पर बल दिया गया। राज्य अभियान निदेशक ने एबीडीएम के सभी घटकों को तत्काल प्रभाव से राज्य के प्राइवेट अस्पतालों में लागू करने की बात कही। इस संदर्भ में बताया कि झारखंड में अभी भी प्राइवेट अस्पताल अन्य राज्यों के मुकाबले काफी कम उपयोग कर रहे हैं। वैसे अस्पताल जो अभी वर्तमान में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं, वे डिजिटल हेल्थ इन्सेन्टिव स्कीम की प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त कर रहे हैं। अभियान निदेशक ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला अस्पतालों में स्कैन एंड शेयर की सुविधा शुरू की गई है। इसे सभी प्राइवेट अस्पतालों में भी शुरू करने की अपील की गई। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत सभी प्राइवेट अस्पतालों में एबीडीएम सक्षम एचएमआईएस लागू करने की बात की जा रही है। इस कार्यक्रम में रांची के प्रमुख अस्पताल गुरु नानक हॉस्पिटल, लाइफ केयर, मेदांता, वेल्काईन हॉस्पिटल, आर.पी.एस, राजू सेवा सदन, रिंची हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल, आर्चिड हॉस्पिटल, रांची ट्रस्ट हॉस्पिटल, रानी हॉस्पिटल, श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, मां राम प्यारी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शैल्बी डिवाईन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल इत्यादि अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने मनाया कृष्ण-राधा जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लगातार कई वर्षों से कृष्ण राधा जन्मोत्सव महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह उत्सव 13 सितंबर को पंचरत्न बिल्डिंग में मनाया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की अध्यक्ष मधु सर्राफ ने किया। मौके पर उर्मिला पाड़िया के द्वारा गणेश वन्दना किया गया। ब्रज धाम में राधा और कृष्ण के संग रास रचाने के लिए सब सखियां मिलजुल कर झूम उठी और और उत्सव मनाया, राधा कृष्ण महोत्सव में बांसुरी कृष्ण की बाजेगी प्रेम में राधा नाचेगी, मुरली की धुन सुन के राधिके, मीठे रस से भरो री राधा रानी लगे आदि मधुर भजनों पर आकर्षक नृत्य करके सखियों ने उत्सव को सफल बनाया। साथ ही लड्डू गोपाल प्रतियोगिता भी रखी गई थी जिसमें सर्वश्रेष्ठ लड्डू गोपाल को पुरस्कृत भी किया गया एवं आए हुए बाकी सभी लड्डू गोपाल को भी पुरस्कार दिया गया सभी बहनों ने मिलकर डांडिया उत्सव भी मनाया एवं लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रूपा अग्रवाल गीता डालमिया, अंशु नेवटिया, बिना मोदी, नैना मोर, उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, बबीता नारसरिया, रीता केडिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सीमा टांटिया, मीना अग्रवाल, मंजू लोहिया, बिना बूबना, सुनीता सरावगी, रीना सुरेखा सहित बहुत बहनों का सहयोग रहा।

## प्रेम प्रसंग में सौतेले भाई ने की छोटे भाई की हत्या

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के हहाप नीचेटोली में प्रेम प्रसंग में एक भाई ने अपने सौतेले भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की रात लगभग नौ बजे की है। एतवा पाहन उर्फ बिरसा पाहन अपने सौतेले भाई 18 वर्षीय मन्नू पाहन की हत्या कर फरार हो गया। थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि एतवा अपने घर में बैठा था उसी दौरान गांव का सोमा पाहन उसके सौतेले भाई मन्नू को लेकर एतवा के पास पहुंचा और एतवा के पास अपने बंधक रखे खेत को छुड़ाने के लिए 2000 रुपये देने लगा। इसके बाद एतवा ने कहा कि 2000 नहीं 5000 रुपये लूंगा और गुस्से में घर के अंदर चला गया। कुछ देर तक जब एतवा नहीं निकला तो मन्नू उसे देखने घर के अंदर घुसा। मन्नू के अंदर घुसते ही एतवा ने उसके पेट में चाकू मार दिया। एतवा की पत्नी सुमन ने एतवा को पीछे से पकड़ लिया और चिल्लाने लगी। मौके पर खड़ा सोमा पाहन गांव से लोगों को बुलाने के लिए दौड़ा, परंतु तबतक एतवा अपनी पत्नी को पटककर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही लोग एतवा के घर पहुंचे तबतक मन्नू दम तोड़ चुका था।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का उद्घाटन




किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के लिए विद्यार्थियों के मुद्दे प्रथम प्राथमिकता: कृषि मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस रेडियो के माध्यम से आसपास के किसानों और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित होगा तथा नई तकनीक और सूचनाओं के माध्यम से उनका सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के लिए विद्यार्थी प्रथम प्राथमिकता होने चाहिए और उन्हें स्तरीय शिक्षा, बेहतर माहौल एवं सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। छात्र कल्याण से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। क्षेत्र के लिए उपयोगी शोध परिणामों के माध्यम से किसानों का सामाजिक आर्थिक उन्नयन होना चाहिए तथा महिला किसानों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों-कर्मियों की प्रोन्नति तथा खाली पदों पर नियुक्ति के लिए शीघ्र आवश्यक प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। कृषि मंत्री ने वैज्ञानिकों से झारखंड को खाद्यान्न, मांस, अंडा, मछली और दूध के मामले में आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रभावी रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने बोर्ड रूम में बीएयू के कुलपति और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय के कामकाज की समीक्षा भी की। मंत्री वेटनरी कॉलेज भी गईं तथा वहां के विद्यार्थियों से संवाद किया। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय छात्रावासों के नवीकरण, वहां सुविधाओं की वृद्धि, पुस्तकालय, छात्र-छात्राओं द्वारा किए जाने वाले स्नातकोत्तर अनुसंधान तथा एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज संबंधी सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

# न्यूज बॉक्स

### रेलवे राज्य मंत्री वी सोमन्ना का देवघर दौरा आज

**रांची।** रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आज शनिवार को देवघर पहुंचेंगे। रेल राज्य मंत्री जसीडीह स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत चल रहे पुनर्विकास के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। श्री सोमन्ना अगले दिन 15 दिसंबर को सुबह में बाबा बैद्यनाथ धाम ज्योर्तिलिंग के दर्शन करने के उपरांत शुरू की गई बैद्यनाथ धाम - वाराणसी, वंदे भारत रेल के प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से हरी झंडी दिखाने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। देवघर से चलने वाली पहली वंदे भारत रेल के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत राज्य मंत्री वापस दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### संतोष कॉलेज में करम डाढ़ की गयी स्थापित



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा करम पूजा के अवसर पर करम डाढ़ को पारंपरिक विधि से स्थापित किया गया। झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना द्वारा करम पर्व की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का संदेश दिया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक करम डाढ़ की पूजा की। पूजा के बाद, विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की सहायता से नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी।

### लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पद्मा एकादशी पर होगा विशेष धार्मिक अनुष्ठान



**रांची।** पहाड़ी मंदिर के निकटवर्ती श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को पद्मा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर कई विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर के प्रातः वन्दन, सुप्रभातम् , नित्याराधन, महाआरती, बाल भोग, महास्तुति, तदियाराधन गोष्ठी, शठारी आदि अनुष्ठानिक कार्यक्रम होंगे। भक्तों के लिए प्रातः 7:00 बजे मंदिर के बाहरी कपाट खोल दिए जाएंगे। श्रद्धालु भक्त अपने-अपने नाम व गोत्र से संकल्प कराकर व्रत की पूर्ति और मनोवांछित बड़ों की पूर्ति के लिए भगवान श्रीमन्नारायण हषिकेश की पूजा- अर्चना- वंदना, परिक्रमा, दंडवत, प्रणाम आदि पूजाक्रम के विधि से भगवान के मुखोल्लाष करायेगें। भादो के शुक्ल पक्ष की एकादशी पद्मा के नाम से विख्यात है। इसके व्रत के प्रभाव से निश्चय ही उत्तम वृष्टि होगी। हरी -भरी खेती सुशोभित होगी। व्रत के प्रभाव से सब लोग सुखी होंगे। यह वचन ऋषि अंगिरा ने सूर्यवंशी राजा मान्धाता से कही थी।

### 30 एनएसएस स्वयंसेवकों का हुआ चयन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन आरयू के दीक्षांत मंडप में 10 सितंबर को किया गया। उक्त चयन शिविर में आरयू के एनएसएस के कुल 30 स्वयंसेवक (15 महिला एवं 15 पुरुष) का चयन हुआ। ये झारखंड राज्य स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर जो पटना में 15 सितंबर को है, उसमें हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर में आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, एनसीसी के डॉ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, डॉ गणेश चंद्र बास्के, नेहरु युवा केन्द्र संगठन, सर्वेन्द्र प्रताप सिंह एवं एन एसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार निर्णायक समूह में शामिल रहे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने आरयू से चयनित एन एसएसस्वयंसेवकों को बधाई देते दी है।

### सदर अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन दान की

**रांची।** सदर अस्पताल को प्रकाश टेकड़ीवाल और उनके परिवार की ओर से मरीजों के बेहतर इलाज के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन डोनेट किया गया है। अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य चिकित्सक और पदाधिकारी मौजूद थे। टेकड़ीवाल ने कहा कि मरीजों को इलाज में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसको देखते हुए हमारे परिवार ने अल्ट्रासाउंड की मशीन सदर अस्पताल को डोनेट की है। बड़ी संख्या में मरीज सदर अस्पताल पहुंचते हैं जिन्हें अल्ट्रासाउंड कराने की जरुरत पड़ती है और उन्हें कई बार बाहर जाकर जांच कराना पड़ता है।

### बंदी की मौत के बाद शव का हुआ पोस्टमार्टम

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद पॉक्सो एक्ट के विचाराधीन बंदी मो. अजीमुद्दीन का शुक्रवार को रिम्स में पोस्टमार्टम किया गया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया है कि गुरुवार को विचाराधीन बंदी मो. अजीमुद्दीन (61) की तबियत ज्यादा खराब हो गयी। इसके बाद कारा चिकित्सक द्वारा बंदी को विशेष इलाज के लिए रिम्स भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से 25 लाख के सामान जलकर राख

**रांची।** रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के आव्या इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में शुक्रवार को आग लगने से 25 लाख से अधिक के सामान जलकर राख हो गई। आगजनी का प्रमुख कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया। अगलगी में दुकान में रखी फ्रिज, एसी, एलईडी, वाशिंग मशीन, गीजर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पूरी तरह जल गए। दुकान की मालकिन प्रीति सिंह ने तुपूदाना ओपी में आगजनी के खिलाफ सन्हा दर्ज कराया है। संचालक अनीश कुमार सिंह ने बताया कि अगल-बगल के दुकानदारों से सूचना मिली कि आपके दुकान में आग लगी है। सुबह दुकान पहुंचकर जैसे ही शटर खोला गया। वैसे ही अंदर से धुंआ युक्त आग की तेज लपटें शटर की ओर आने लगी। किसी तरह शटर उठा कर देखा, तो समान जल रहे थे। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को सूचना दी गयी।

## राजदरबार के रूप में दिखेगा बकरी बाजार का पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार द्वारा भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गा पूजा पूरे झारखंड में अपने भव्यता एवं आलौकिकता के लिए जाना जाता है। संस्था के सभी 121 सदस्य इस कार्य में तन मन धन से विगत 2 महीने से जुटे हैं। इस भव्य पूजा पंडाल का शुभारंभ छह अक्टूबर को किया जाएगा, जिसमें झारखंड के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

**भारतीय युवक संघ के पदाधिकारी**

**संरक्षक :** निर्मल जालान, शंभू दयाल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, अध्यक्ष : राहुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष : रमेश खेमका, बिनोद छापड़िया, मदन बगड़िया, सुरेश भगत, अरविंद चौधरी, रवि रोहत्गि, सचिव : निर्मल मोदी, सहसचिव : रमेश अग्रवाल, किशन मोदी, कमल जलन (बंकट), अमर पोद्दार, मुकेश जालान, कोषाध्यक्ष : सत्येंद्र जलन (मंटू) सहकोषाध्यक्ष : संजय चौधरी, ललित सोढाणी, प्रवक्ता : अमित प्रकाश बजाज, सहप्रवक्ता : सौरभ चौधरी, दीपक गोयंका हैं।

**पंडाल** बकरी बाजार में राजस्थान की कलाकृतियों को दिखाते हुए एक काल्पनिक राजदरबार का प्रारूप बनाया जायेगा। पंडाल में बारीकी से कारीगरी की जायेगी। पंडाल लगभग 100 फुट चौड़ा, 110 फुट लंबा, और 75 फुट ऊंचा होगा। पंडाल का प्रारूप कुछ ऐसा बनाया गया है कि मैदान में घुसते ही लोगों को मां भवानी के दर्शन हो जाएंगे। पंडाल के निर्माण लोहे के स्ट्रक्चर में किया जा रहा है। डिजाइन की कारीगरी में कपड़ा, रबर शीट, लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। लकड़ी के पुतले भी पंडाल सजाने के काम में लगायी जा रही है। इस पंडाल का निर्माण बंगाल के पूजा के मशहूर आर्टिस्ट गोरांगो क्वेुल्लि के देख रेख में किया जा रहा है।

**मूर्ति** इस बार की मूर्ति भी अपने आप में खास है। भव्य मूर्ति के लिए बकरी बाजार को जाना जाता है और इस बार भी मूर्ति बहुत भव्य होगी क्योंकि मूर्ति के साज सज्जा में इस बार विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बार मां के गहने स्वर्ण जड़ित बनाए जा रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होगा की स्वर्ण के गहने से मां को सजाया गया है।



▸ छह अक्टूबर को पंडाल आम भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा

**लाइट** पूजा के दौरान भव्य प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। पूरे पूजा परिसर एवं पूजा प्रांगण पहुंचने के सभी मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रहेगी।

**सुरक्षा** सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्राइवेट सिक्योरिटी के 30 गार्ड हर समय भक्तों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। साथ ही पूरे मैदान एवं पंडाल में 50 सीसीटीवी कैमरा के द्वारा नजर रखी जाएगी। संघ के द्वारा मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की 24 घंटा की व्यवस्था की गई है।

**मनोरंजन** पूजा के दौरान भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में कई तरह के झूले के साथ-साथ कई स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। मेले में भक्तों के लिए कई तरह के खाने पीने के लिए स्टॉल के इंतजाम किया गया है।

## टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य चढ़ा रांची पुलिस के हत्थे

**रांची।** बुढ़मू में पुलिस ने गुरुवार रात उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य निरंजन उरांव उर्फ नीरज उरांव को गिरफ्तार कर लिया। उमेडण्डा निवासी छेदी उरांव का पुत्र निरंजन उग्रवादियों के लिये खाना पहुंचाने, व्यवसायी, ठेकेदारों का नंबर उग्रवादियों तक पहुंचाने, लेवी वसूलने का काम करता था। यह पूर्व में जोनल कमांडर रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी के लिये काम करता था। बाद में पहाड़ी जी के टीपीसी से अलग होकर अपना संगठन बनाने के बाद यह एरिया कमांडर दिवाकर गंझू के लिये काम करने लगा। 20 अगस्त को दिवाकर गंझू छापर के चार नंबर कोयलयरी के पास अपने दस्ते के सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इसी क्रम में पुलिस दबिश में तीन उग्रवादी पुलिस के हत्थे चढ़ गये।

## सनातन धर्म में अनंत चतुर्दशी का बेहद खास महत्व: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर्व 17 सितंबर को मनाया जाएगा। इस वर्ष भादो मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 16 सितंबर दिन सोमवार की दोपहर 3 बजकर 10 मिनट से शुरू होगा तथा इसका समापन अगले दिन यानी 17 सितंबर दिन मंगलवार को सुबह 11 बजकर 44 मिनट पर होगा। ऐसे मे उदया तिथि के अनुसार अनंत चतुर्दशी का पर्व 17 सितंबर को मनाया जाएगा। हिंदू सनातन धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व है। इस तिथि पर भगवान विष्णु के अनंत रूपों की आराधना करने का विधान है, अनंत चतुर्दशी को अनंत चौदस भी कहा जाता है। इस दिन जहां बप्पा श्री गणेश की बड़ी धूमधाम से विदाई की जाती है। दरअसल



अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को

गणेश चतुर्थी के दिन बप्पा को घर लाया जाता है और पूरे 10 दिनों तक विधिवत उनकी पूजा अर्चना की जाती है। अनंत चतुर्दशी के दिन श्री गणेश जी का विसर्जन किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है। इस दिन अनंत सूत्र का भी विशेष महत्व माना गया है इस दिन भगवान विष्णु की पूजा के बाद एक कच्ची रेशम की डोरी को हल्दी या केसर से रंग कर उसके बाद उस डोर में 14 गांठ लगाए और इसे प्रभु श्री हरि के चरणों में अर्पित करने तथा ओम अनंताय नमः मंत्र की जाप करने के बाद इस दिव्य को पुरुष अपने दाएं हाथ में बांधे तथा महिलाएं इस सूत्र को अपने बाएं हाथ में बांधना चाहिए। एवं विधि विधान से पूजा अर्चना, दीपक जलाकर आरती तथा कथा का पाठ, प्रभु को फल और मिठाई समेत चीजों का भोग लगाना चाहिए। रात के समय इस रक्षा सूत्र को उतारकर रख दे और अगले दिन किसी पवित्र नदी या तालाब में प्रवाहित कर दें, माना जाता है कि इस कार्य को करने से साधक के सभी प्रकार के पाप एवं दुख नष्ट होते हैं।

# आधी आबादी को बना रहे हैं सशक्त : सीएम

- *हर बूढ़े- बुजुर्ग को मिल रहा पेंशन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को बोकारो के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना लागू करने का हमारी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक की लगभग 48 लाख महिलाओं को वर्ष में 12 हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में दिए जाएंगे। इसकी पहली जारी हो चुकी है और आज करम पर्व की पूर्व संध्या पर दूसरी किस्त की राशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी हो रही है। इतना ही नहीं अगले 5 वर्षों के दौरान हर घर में 1 लाख रुपए हर वर्ष पहुंचाने का भी काम हमारी सरकार करेगी ताकि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने घर-परिवार को मजबूत बना सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इसका परिणाम है कि आज कोई भी बूढ़ा- बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। अब पेंशन योजना से जुड़ने के लिए आपको इंतजार नहीं करना पड़ता है। जैसे ही आपकी उम्र पेंशन पाने की योग्य हो जाती है, आपको उसका लाभ मिलना प्रारंभ हो जाता है।



## किसानों-पशुपालकों की आमदनी में बढ़ोतरी के लिए लगातार हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले झारखंड प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई हैं। एक तरफ किसानों के दो लाख रुपये तक का लोन माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है तो दूसरी तरफ बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और दीदी बाड़ी योजना जैसी अनेकों योजनाओं के जरिए किसानों को वैकल्पिक कृषि के साथ उनके आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान सशक्त बनेंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार गांव और देहात से चल रही है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकें।

## सरकार से जुड़े अन्य समस्याओं का भी हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के विकास को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों की लंबित समस्याओं का समाधान करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। चाहे सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना देना हो या फिर जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसे सरकार से जुड़े अन्य कर्मियों की मांगों को पूरा कर हम उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का भी काम कर रहे हैं। आज हमारे द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से हर किसी के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है।

## बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर उनके करियर संवारने तक का जिम्मा उठा रही सरकार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक 10 लाख से ज्यादा बच्चियों को जोड़ा जा चुका है। हमारे बच्चे-बच्चियां डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन बिना किसी गारंटी के देने की व्यवस्था की गई है।



*गोमिया के ललपनिया स्थित संताल समाज के अटूट आस्था का प्रतीक, पवित्र स्थल लुगु बुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ में मुख्यमंत्री ने पूजा - अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की।*

# जेबीकेएसएस में बड़ी संख्या में लोग नाराज, छोड़ सकते हैं पार्टी : संजय



**रांची।** झारखंड में झारखंडी हितों को लेकर एक आंदोलन हुआ था। उसी आंदोलन के बाद जेबीकेएसएस का गठन हुआ। जेबीकेएसएस के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय उपाध्यक्ष रहे संजय महतो ने बीते 10 सितंबर को जेबीकेएसएस से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा का कारण उन्होंने अपनी आत्म सम्मान की रक्षा कही है। संजय महतो किसी पहचान के मुहताज नहीं है। संजय महतो 2024 लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और उन्होंने 157977 वोट प्राप्त किया और तीसरे स्थान पर रहे। संजय महतो की एकेडमिक भी काफी अच्छी है। मास कम्युनिकेशन में बीए और एमए व एलएलबी और एलएलएम किया है। जेबीकेएसएस छोड़ने के बाद **राष्ट्रीय नवीन मेल** के **संवाददाता रजनीश** से उनसे खास बातचीत की।

**प्रश्न : आपने जेबीकेएसएस क्यों छोड़ा?**
**उत्तर :** जेबीकेएसएस में अब आंतरिक लोकतंत्र नहीं बचा है। यह संगठन एक व्यक्ति विशेष पर निर्भर है। किसी भी निर्णय को जयराम महतो खुद लेते हैं। इनसे मिलना बहुत कठिन हो गया है। कोई भी निर्णय लेने के लिए किसी से कोई राय मशविरा नहीं करते हैं। इसलिए मै जेबीकेएसएस से बाहर हो गया।

**प्रश्नः क्या आप किसी पार्टी ज्वाइन करेंगे?**
**उत्तरः** अभी कहीं जाने का नहीं सोचे हैं। कहीं जाने का कोई इरादा भी नहीं है, लेकिन कुछ पार्टी के प्रमुख और रणनीतिकार ने मुझसे संपर्क किया है।

**प्रश्नः आगे की कोई योजना?**
**उत्तर :** आगे और भी संघर्ष करेंगे और झारखंड के लिए काम करेंगे।

**प्रश्नः जेबीकेएसएस में टिकट के लिए फार्म बेचा जा रहा है, इस पर आप क्या कहेंगे?**
**उत्तरः** यह फैसला भी जयराम महतो का है। इस फैसले से मैं सहमत नहीं हूं, यह गलत निर्णय है। पार्टी में बिना चर्चा किए उन्होंने स्वयं निर्णय लिया है। मुझसे क्या किसी और से भी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं हुई है।

**प्रश्न : लोकसभा चुनाव में जयराम महतो ने आपके लिए प्रचार किया था?**
**उत्तर :** हजारीबाग लोकसभा सीट से जयराम महतो नहीं चाहते थे कि संजय महतो चुनाव जीते । उन्होंने केवल मेरे नॉमिनेशन में आया था। कभी मेरे लिए प्रचार नहीं किया।

**प्रश्नः जेबीकेएसएस आपके छोड़ने से पहले क्या स्थिति थी**
**उत्तर :** जेबीकेएसएस के अंदर स्थित अनुकूल नहीं है बड़ी संख्या में लोग नाराज हैं कई बड़े नेता भी पार्टी छोड़ सकते हैं।

**प्रश्नः भाषा, खतियान और 1932 का मुद्दा कहां है?**
**उत्तरः** जेबीकेएसएस अपने मूल मुद्दे से भटक गयी है। झारखंडी हित और 1932 का खतियान से जयराम महतो भटक गए हैं। जिन मुद्दों पर जेबीकेएसएस था। उन मुद्दों को बरकरार रखने की जरूरत है।

**प्रश्नः वर्तमान समय में झारखंड में क्या होना चाहिए?**
**उत्तरः** झारखंड में नीतियों को बनना जरूरी है, जो कानून बना रहे हैं उसे इंप्लीमेंट करना भी जरूरी है। कानून तो कई बन रहे हैं, लेकिन यह इंप्लीमेंट नहीं हो पा रहे हैं। कभी मुझे मौका मिला तो मैं यहां पर नीतियों को इंप्लीमेंट करने का काम करूंगा।

**प्रश्न : झारखंड में कैसे लोगों को होना चाहिए**
**उत्तर :** वैसे लोगों की टीम होनी चाहिए जो झारखंड हित पर काम करें। यहां के अधिकारी झारखंड हित में ड्राफ्टिंग नहीं करते हैं। जब सरकार में पढ़े-लिखे, अनुभवी लोग होंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

**प्रश्नः आपके जेबीकेएसएस छोड़ने से पहले विस चुनाव को लेकर क्या तैयारी थी?**
**उत्तर :** जयराम महतो और जेबीकेएसएस में विधानसभा चुनाव के लिए कोई तैयारी नहीं है। केवल भाषण बाजी हो रहा है। भाषण खत्म और सब अपने-अपने घर चले जा रहे हैं। बुनियादी में कोई भी काम नहीं हो रहा है।

## एक नजर

### डीएमएफटी मद की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**खलारी।** खलारी में डीएमएफटी मद से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक व सांसद की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो के अलावा जिला परिषद सदस्य सदस्य सरस्वती देवी, बुकबुका में मुखिया पारसनाथ उरांव व तुमांग में मुखिया संतोष महली व पंसस सहदेव महली ने संयुक्त रूप से पूजन कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट से परदा हटाकर योजनाओं का शिलान्यास किया। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें जिला परिषद, रांची द्वारा डीएमएफटी मद से खलारी प्रखंड अंतर्गत युएमएस महावीरनगर में 3 अतिरिक्त वर्ग कक्षाओं का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

### सीताराम येचुरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**सिल्ली।** माकपा एवं झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में सीताराम येचुरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा माकपा राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी का निधन होने पर देशभर में शोक की लहर है।

# करमा पूजा से पूर्व बहनों ने उठाया जावा

- *भाई की दीर्घायु के लिए बहन करेगी आज उपवास*
- *मांदर की थाप पर झूमेगा खलारी*
- *पिछले नौ दिन पहले से ही करमा पर्व का विधान शुरू हो गया था*

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा से पूर्व शुक्रवार को बहनों ने श्रद्धापूर्वक जावा उठाने का विधान पूरा किया। सुबह में किशोरियों व युवतियों ने करमा स्थल की लिपाई कर उगाया गया जावा रखा। जावा में जल डालकर धूप दिखाया। हल्दी डालने की रस्म पूरी की गई। गीत गाकर जावा को जगाया गया। जावा उठाने के लिए बच्चियों में काफी उत्साह था। भाई बहन के प्यार व प्रकृति के इस पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को बहनें अपने भाई के दीघार्यु के लिए उपवास रखेंगी। जगह जगह अखरा व घरों में करम डाली स्थापित की जाएगी। अखरा को सजाया जाएगा। कहीं पुजारी तो कहीं पाहन पूजा कराएंगे। पूजन के बाद महिलाएं रातभर झूमर खेलेंगी। पिछले नौ दिन पहले से ही करमा पर्व का विधान शुरू हो गया था। नदी से लाए गए बालू को डलिया में रखकर सात प्रकार का अन्न जौ, गेहूं, धान, मक्का, चना, उरद, मटर आदि बोया गया। इसमें उगे जावा का करमा पूजा में महत्व है। रविवार सुबह करम डाल और जावा को पूरे धार्मिक रीति-रिवाज से तालाब नदी आदि जलाशयों में विसर्जित कर दिया जाएगा।

## करम पूर्व संध्या कार्यक्रम व सांसद व विधायक हुए शामिल



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के चटवल पंचायत के पोड़ाटोली मैदान में करम पूर्व संध्या महोत्सव बहुत ही धुमधाम व पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया गया। इस कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत, मांडर विधानसभा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मो० मोजीबुल्लाह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, महादेव उरांव, शिव उरांव, अजीत कुमार सिंह, सोमन उरांव, लक्ष्मण भगत, जयराम भगत, बबीता सिंह, इश्तियाक अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, इरसाद खान, जौनी उरांव सहित आस पास के हजारों लोग मौजूद रहे।

## उत्साह व उल्लास का प्रतीक है प्रकृति पर्व करमा : संतोष तिर्की

**लापुंग।** उत्साह और उल्लास का प्रतीक है प्रकृति पर्व करमा यह हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का न सिर्फ संचार करती है बल्कि हमें प्रकृति के करीब ले जाती है। उक्त बातें सरसा गढ़डीपा में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह का शुभारंभ करते हुए विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की ने कही। उन्होंने पाहन पुजार के साथ मिलकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। लापुंग प्रखंड के सरसा गढ़डीपा सरना आश्रम के परिसर में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान मांदर की थाप पर हजारों लोग झूम उठे। क्या युवक ! क्या युवतियां ! क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी एक साथ मिलकर मांदर की थाप पर झूम उठे। एक अलग ही अंदाज में दिखे पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित



उच्च विद्यालय सरसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव। पारंपरिक वेशभूषा में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ उनकी प्रेरणा बनकर लापुंग प्रखंड के सरसा गढ़डीपा सरना आश्रम के परिसर में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान झूम उठे। करमा के गीतों से उन्होंने सभी को अपनी और आकर्षित किया। वहीं देश विदेश में अपनी ख्याति से डंका बजाने वाले लोक कलाकार शिव कुमार तिर्की एवं गंदुरा उरांव की टीम ने अद्भुत समां बांधी। केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम गढ़डीपा सरसा में पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की की अगुवाई में आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान आदिवासी बाल विकास विद्यालय गढ़डीपा सरसा, पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, सांस्कृतिक संगीत सरगम सरसा, नृत्य मंडली सकरपुर, खोड़हा टीम शाहेदा, नृत्य मंडली बलांदु, नृत्य मंडली देवगांव सहित तिलई, पोला, सकरपुर सहित दर्जनों गांवों के खोड़हा नृत्य दलों के प्रदर्शन से लोग खुद को नृत्य करने से नहीं रोक सके।

## छात्रों ने करमा पर्व पर किया कार्यक्रम का आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत एस एस उच्च विद्यालय (+2) में शुक्रवार के दिन करम पर्व को लेकर विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी उपस्थिति रही। विद्यालय की छात्राओं द्वारा करम वृक्ष की डाली को विद्यालय प्रांगण में गाड़ा गया था और चारों तरफ गीत गाकर एवं नृत्य कर पूजा आराधना किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह पर्व प्राकृतिक दर्शन और सामुदायिक सहभागिता का महापर्व है। लोग इस त्यौहार को झारखंड में लोक पर्व के रूप में भी मानते हैं। यह त्यौहार प्रकृति का महापर्व है और उत्साह और उमंग के लिए लोकप्रिय है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, लुपुंग पंचायत की मुखिया सीमा गोंझू, टुटकी पंचायत की मुखिया शर्मिला कुमारी,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विमल कांत झा, प्राचार्य पवन कुमार पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा, रामानंद सिंह, मुकेश कुमार, समेत सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में डॉ परमेश्वर भगत हुए शामिल

**बेड़ो।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में एक भव्य करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने शिरकत की। डॉ. परमेश्वर भगत ने शिक्षा और समाज के विकास में महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया और शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारियों पर भी जोर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने ताइक्वांडो में किया क्वालिफाई




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने 9 से 12 सितंबर, 2024 तक वाराणसी में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। 4 छात्रों, नंदिनी मौर्या, आकृति उरांव, सिया शुक्ला और शौर्य कुमार ने रजत पदक जीते और सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया, जबकि 5 छात्रों, सत्यम आनंद, श्रेया नंदी, वैष्णवी चौधरी, वंशिका श्रीवास्तव और अन्वेषा गुप्ता ने कांस्य पदक प्राप्त किए। प्राचार्या परमजीत कौर ने उनके इस अद्वितीय प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### मजदूर नेता ने करमा पर्व पर महिलाओं में बांटी साड़ी



**खलारी।** करमा पर्व पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने क्षेत्र की 500 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। उन्होंने खलारी के लोगों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी। अब्दुल्ला ने कहा कि करमा पर्व भाई बहन के अटूट पवित्र प्रेम को दर्शाता है। इसके अलावा यह पर्व प्रकृति का भी प्रतीक है। यह प्रकृति के प्रति लगाव को दिखाता है। इसके माध्यम से हमें सांस्कृति संरक्षण संवर्धन की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। भूखे रहकर भी बच्चों को पढ़ाएं। साथ ही समाज में जागरूकता लाकर एकता बनाए रखें।

### राम लखन कॉलेज में चिकित्सा शिविर और पौधरोपण




**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची कैंपस में पूर्ववर्ती छात्र संघ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग की ओर से शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आइसो पार्व रांची चैप्टर ने काफी सहयोग किया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर विष्णु चरण महतो, डॉक्टर करुणा झा एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष संतोष महतो ने किया। छात्राओं को डॉक्टर करुणा झा, डॉक्टर सुनीता झा, डॉक्टर अंजना झा, डॉ किरण, डॉ एना यासमीन, डॉक्टर प्रीति राय, डॉक्टर अर्चना पाठक, डॉक्टर पुष्प लता, डॉक्टर हीरा सोरेन, डॉक्टर एसएन प्रसाद ने एनीमिया सेरेमिक्स, ब्रेस्ट कैंसर, हाइजेनिक मेंस्ट्रुअल इत्यादि की जानकारी दी। कॉलेज के कैंपस में पौधरोपण में रोटरी क्लब रांची नॉर्थ ने सहयोग किया। इस दौरान पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष संतोष महतो, सचिन विक्रम शर्मा, उपाध्यक्ष राजू राम, वशिष्ठ पासवान, कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बरनवाल, बंटी राज, सूरज पासवान, संजय पासवान, संजय तिर्की, युवराज पासवान, साकेत कुमार एवं महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन पोषण के समन्वयक डॉक्टर स्मिता किरण टोप्पो, कुमारी रीता, डॉ विजय कुमार, डॉ पीपी सुनील कुमार, संदीप कुमार, एवं रोटरी क्लब रांची नॉर्थ के जयदीप चड्ढा, निहार दास व उमाशंकर दास आदि उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआई के अंतर क्षेत्रीय संस्थान वालीबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

- *क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर विजेता एवं मुख्यालय-रांची उप-विजेता रहे*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआई के खेल मैदान में तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान वालीबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुख्यालय-रांची बनाम क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के बीच हुआ। क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीम ने मुख्यालय-रांची की टीम को 30-28, 28-26 एवं 25-18 अंकों के साथ 3-0 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम करने में सफल रही। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ दी मैच श्री विश्वरंजन राय घोषित किए गए जबकि मैन ऑफ दी टूर्नामेंट श्री जी0 श्रीनिवास रहे। इस तीन दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप-ए के सेमीफाइनल मैच में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर का मुकाबला क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के बीच हुआ। क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की टीम को 21-25, 15-25, 25-19, 25-18 एवं 15-11 अंकों के साथ 3-2 से पराजित कर जीत हासिल की जबकि ग्रुप-बी के सेमीफाइनल मैच में मुख्यालय-रांची का मुकाबला क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के बीच हुआ। मुख्यालय-रांची की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की टीम को 25-17, 25-23 एवं 28-26 अंकों के साथ सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया। ग्रुप-ए के सेमीफाइनल का मैन ऑफ दी मैच श्री जी0 श्रीनिवास को दिया गया जबकि ग्रुप-बी के सेमीफाइनल का मैन ऑफ दी मैच सीबी सोनार को मिला। मुख्य अतिथि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम तथा सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच के मैन ऑफ दी मैच तथा मैन ऑफ दी टूर्नामेंट को पुरस्कृत किया।

**झारखंड फामेर्सी कांउसिल के निबंधक-सह-सचिव पद पर राहुल कुमार की नियुक्ति का मामला**

# अयोग्य व्यक्ति की नियुक्ति के खिलाफ बन्ना गुप्ता पर कार्रवाई हो : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग किया है कि झारखंड फामेर्सी कांउसिल के निबंधक-सह-सचिव पद का प्रभाव राहुल कुमार नामक व्यक्ति को देने का निर्देश जारी करने के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ कारवाई की जाए। श्री राय ने जारी एक बयान में कहा कि बन्ना गुप्ता ने एक अयोग्य व्यक्ति को झारखंड फार्मेसी कांउसिल का निबंधक सह सचिव बनाने का निर्देश स्थापित प्रक्रिया की अवहेलना करके किया है। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता ने नियुक्ति करने के बाद एक चार सदस्य कमेटी गठित की है जो राहुल कुमार की योग्यता के बारे अपनी राय देगी। इस कमेटी ने विगत



14 अगस्त, 2024 को अपना प्रतिवेदन दिया, जिसमें कहा है कि राहुल कुमार निबंधक सह सचिव झारखण्ड फामेर्सी कांउसिल के लिए वंछित योग्यता रखते हैं। इस कमेटी में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें, निदेशक (औषधि), प्रतिनिधि (चिकित्सा पर्षद) और राज्य एनालिस्ट शामिल हैं। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें, इस कमेटी के आयुक्त हैं। सरयू राय ने कहा कि चार सदस्य कमेटी का प्रतिवेदन देखने से लगता है कि इन्होंने जांच में फर्जीवाड़ा किया है। एक ओर जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि राहुल कुमार द्वारा कार्यालय में समर्पित प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं कराया गया है तो दूसरी ओर राहुल कुमार को योग्य भी करार किया है। श्री राय के अनुसार, जांच समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मंत्री बन्ना गुप्ता के दबाव में प्रतिवेदन दिया है और तथ्यों पर लीपापोती की है। इन सभी के विरूद्ध कारवाई की जानी चाहिये। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक ने कहा है कि उपर्युक्त जांच समिति ने महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार ही नहीं किया। झारखंड स्टेट फामेर्सी कांउसिल के सदस्य अमित कुमार ने अध्यक्ष झारखण्ड स्टेट फामेर्सी कांउसिल को पत्र लिखकर बताया है कि राहुल कुमार ने फामेर्सी कांउसिल के कार्यालय में घुसकर दिन के 11 बजे कागजातों को फाड़ दिया, इसलिए राहुल कुमार के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाय। यह एक तथ्य है। दूसरा तथ्य है राहुल कुमार की बैचलर एवं फार्मसी (2018-2022) के प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा है। इस पर भी कमेटी ने ध्यान नहीं दिया। इन्होंने बी.फार्मा की डिग्री वाईबीएन यूनिवर्सिटी से लिया है। सरयू राय ने कहा कि आश्चर्य है कि राहुल कुमार के नियुक्ति का आदेश देते समय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जान बूझ कर राहुल कुमार की डिग्री का फर्जीवाड़ा को छुपाने का प्रयास किया है।

# कांग्रेस की स्क्रीनिंग, जल्द ही तैयार की जाएगी उम्मीदवारों की रिपोर्ट



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सर्किट हाउस में शुक्रवार को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ंकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान बैठक में शामिल हुए। उन्होंने हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ और कोडरमा जिला में पड़ने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र के दावेदारों से वार्ता कि। साथ ही उन्होंने कई कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लिया है। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी एक रिपोर्ट तैयार करेगी और पार्टी को सौपेगी। जो भी प्रबल दावेदार होंगे उन्हें उम्मीदवार बनाया जाएगा। बताया जाता है कि इस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद एक रिपोर्ट पार्टी को सौंपी जाएगी, जो प्रबल दावेदार होंगे उसे उम्मीदवार बनाया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता सर्किट हाउस में सुबह से ही जम रहे। सभी दावेदार अपने समर्थकों के साथ स्क्रीनिंग कमेटी के सामने पहुंचे और अपना शक्ति प्रदर्शन भी किया है। यह बताने की कोशिश की गई उनसे अच्छा और प्रबल दावेदार को दूसरा कोई नहीं है।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर, कांग्रेस पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य गिरीश चोड़नकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान हजारीबाग पहुंचे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सर्किट हाउस, हजारीबाग में कमेटी के सदस्यों से औपचारिक मुलाकात की और आगामी चुनावों के लिए हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की। मुन्ना सिंह ने कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "मैं स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरी बातों को धैर्यपूर्वक सुना। हजारीबाग के विकास के लिए मेरा संकल्प अडिग है, और मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं का भी आभार प्रकट करता हूं जो मेरे साथ मजबूती से खड़े हैं। आपके समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे ले जा पाऊंगा। मुन्ना सिंह विगत एक दशक से अधिक समय से हजारीबाग में एक समाजसेवी के रूप में सक्रिय हैं और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता विशेषकर युवाओं के बीच काफी है। उन्होंने जनता के कल्याण के लिए कई परियोजनाओं को बढ़ावा दिया है और अपने जमीनी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थन में आज सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक सर्किट हाउस पहुंचे, जिससे उनकी दावेदारी को और मजबूती मिली। इस मौके पर कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता, जैसे युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव कोमल राज, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव, NSUI जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, कांग्रेस पार्टी के कटकमसाड़ी प्रखंड अध्यक्ष नागरसिंह प्रजापति, सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु समेत कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## धनवार मुखिया का प्रयास लाया रंग, जनता दरबार में उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, समाजसेविका ममता देवी, पंचायत सचिव बुलबुल कुमारी और प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आगाज किया. इस अवसर पर पंचायत के सैकड़ों लाभार्थी मौजूद थे. मुखिया श्री प्रसाद ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बरही प्रखंड में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण की धनवार पंचायत से समापन होना है. पंचायत वासी राज्य सरकार के इस अति महत्वाकांक्षी योजना का भरपूर लाभ लें. अपनी समस्याओं को लाएं और उसके समाधान के लिए शिविर में लगाए गए स्टॉल से संपर्क करें. समजासेविका ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता सीधे तौर पर सरकार से जुड़ती है. अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम है. प्रभारी सीआई श्री रजक ने भी लोगो से अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने की बात कही, ताकि उनके समस्याओं का यथाशीघ्र यथोचित निदान किया जा सके. शिविर में कल्याण विभाग, आंगनबाड़ी, राजस्व, अबुआ आवास, सर्व जन पेंशन, कृषि व पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, आपूर्ति आदि विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. सर्वाधिक भीड़ अबुआ आवास व आपूर्ति विभाग के काउंटर पर देखे गए. शिविर में जनता को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं ही इसके लिए मुखिया स्वय निगरानी कर रहे थे।

# न्यूज बॉक्स

### सीबीएसई कलस्तर खो-खो प्रतियोगिता में राधा-गोविंद स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम



**रामगढ़।** सीबीएसई पटना ज़ोन के द्वारा आयोजित कलस्टर लेबल खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल गिरिडीह में किया गया। इस प्रतियोगिता में 42 स्कूल के कुल 84 टीमों ने भाग लिया। जिसमें राधा - गोविंद पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में खो-खो टीम की छात्राओं ने सभी मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस जीत का श्रेय विद्यालय के पीटी शिक्षक सोनू कुमार ठाकुर एवं पूर्णिमा कुमारी को जाता है जिनके जिनके सफल नेतृत्व में छात्राओं की टीम ने यह जीत हासिल की। छात्राओं की इस सफलता पर राधा-गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के चेयरमैन बी एन साह, राधा-गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, ट्रस्टी फूलमती देवी, विश्व विद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी संजय कुमार, ट्रस्टी अजय कुमार, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत मोहंती, प्रशासक केएन सिंह तथा समस्त शिक्षकगण ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### सेवई दक्षिण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चितरपुर प्रखंड के सेवई दक्षिणी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुखिया किरण कुमारी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में उन्होंने आमजनों की समस्याओं को सुना और समस्या का निदान करने की बात कही। मुखिया द्वारा आमजनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया और शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग शामिल होकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृतसंकल्प हैं। कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर सभी लोग स्वावलंबी बन सकते हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार अधिवक्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई का हुआ भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** रांची से इटखोरी जाने के क्रम में झारखंड बीजेपी के प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई का हजारीबाग पुराना बस स्टैंड चौक में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। स्वागत करने वालों में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, जिला महामंत्री सुमन सिन्हा, जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू, भाजपा नेता हर्ष अजमेर, जिला मंत्री कुणाल दुबे, जय नारायण कुशवाहा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष साक्षी राणा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष तनवीर अहमद, जिला के मीडिया प्रभारी नंदकुमार नंदू, जिला के आईटी सेल संयोजक सुमित लाहेरी, सोशल मीडिया प्रभारी हितेश रंजन शामिल थे।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय व टाइटन आई प्लस के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं, कर्मियों व विद्यार्थियों समेत करीबन 80 लोगों के आंखों की जांच टाइटन आई प्लस की ओर से आए कुमारी मुस्कान, राहुल प्रजापति व दीपक कुमार ने की और उचित परामर्श भी दिए। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस मौके पर कहा कि दरअसल आंख शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसकी देखभाल भी बेहद जरूरी है। इसलिए वर्ष में कम से कम एक बार आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि नेत्र गंभीर रूप से ग्रसित होने से इलाज में कठिनाइयां होती है। इसलिए नेत्र रोग की छोटी से छोटी परेशानियों को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए अन्यथा भविष्य में गंभीर नेत्र रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। टाइटन आई प्लस के स्टोर मैनेजर राहुल पुरवार ने बताया कि टाइटन आई प्लस की ओर से शैक्षणिक संस्थानों व अन्य जगहों पर जांच शिविर का आयोजन समय समय पर कराया जाता है ताकि आंखों को लेकर लोगों में जागरूकता आए और लोग अपनी आंखों की सही देखभाल कर सके।




## जिले के मतदान केंद्रों में सुविधाओं का आयुक्त ने लिया जायजा




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** आगामी विधानसभा को लेकर शुक्रवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने 24 मांडू विधानसभा एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड के बूथ संख्या 11, प्राथमिक विद्यालय डूमर, बूथ संख्या 13, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बूथ संख्या 16, बूथ संख्या 17 एवं बूथ संख्या 18 का भौतिक रूप से जायजा लिया। वही 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 452, 453, 454 मध्य विद्यालय मोरंगी एवं 455 उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेमोटांड का भी जायजा लिया। आयुक्त ने चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाताओं एवं 85 वर्ष या अधिक के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए समुचित व्यवस्था बहाल किए जाने के बाबत संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत दिव्यांग, बुजुर्ग और 85 से अधिक वरिष्ठ मतदाताओं के लिए बूथों में चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

## कैबिनेट में पारित होने पर जलसहिया ने किया विधायक को सम्मानित

**बरकट्ठा।** प्रखंड जलसहिया संघ अध्यक्ष रेखा देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को विधायक अमित कुमार यादव के आवास पर विधायक को संघ के सदस्यों ने बुके, माला, शॉल और स्वागत गीत से सम्मानित किया।इस दौरान रेखा देवी ने कहा कि आज झारखंड के हम सभी जलसहिया दीदी के लिए बहुत ही खुशी और सुनहरा पल है। कहा हमारे विधायक अमित कुमार यादव के अथक प्रयास और लगातार विधानसभा सत्र में जलसहिया का मुद्धा उठाने, लगातार धरना प्रर्दशन और विधानसभा सत्र में विधायकों द्वारा जलसहिया का मुद्धा उठाने पर डबल मानदेय देने पर हेमन्त सरकार मजबुर हुई। इस कार्य के लिए विधायक अमित कुमार यादव का अहम योगदान रहा। इसके लिए हम सभी जलसहिया दीदी विधायक का आभार प्रकट करने तथा बधाई देने आए हैं। आने वाले विधानसभा सत्र में हम सभी उम्मीद करते हैं कि जलसहिया दीदी का एक सम्मानजनक मानदेय दिलाने का काम करेंगे।मौके पर बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, जलसहिया सुनयना देवी, सोमा गुप्ता, संगीता शर्मा, अजमेरी खातुन, दिनेशवरी देवी, बेबी देवी, दुलारी देवी, उर्मिला देवी, मोनिका देवी, नीतु देवी, गुडिया देवी, कौशलया देवी, भारती देवी, पार्वती देवी, रेशमा प्रवीण, पुषपा चौधरी, मिलन देवी, मुन्नी कुमारी, कंचन कुमारी, सावित्री देवी, माला देवी, सीमा देवी, मंगरी देवी, बैजन्ती देवी, कविता देवी, हसीना खातुन, चिंता देवी समेत दर्जनों जलसहिया उपस्थित थी।

## करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता



नवीन मेल संवाददाता

> हमारी झारखंड की गौरवमयी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत एवं समृद्ध की ओर आगे बढ रहा है : शेफाली गुप्ता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। स्थानीय बहनों ने संयुक्त रूप से फुलमाला से उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र के कुद रेलवे स्टेशन एवं रेवाली अखाड़ा में आयोजित करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय बहनों के संग करमा के गीत पर थिरक कर हौसला बढाया तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत करने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने बहनों को संबोधित कर कहा कि हमारी झारखंड की गौरवमयी संस्कृति व सभ्यता को जीवंत एवं समृद्ध की ओर आगे बढ रहा है। जन- जन तक संस्कृति व सभ्यता की स्मृतियाँ अब पहूंच बना रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मा महोत्सव कार्यक्रम में पेड पौधा के संरक्षण में हमारी संस्कृति प्रेरित करती है। मौके पर रानी शुक्ला, विशाल वाल्मिकी, रोहित पांडे, रंजीत, मनीष कुमार, राहुल केआर पांडे, मनोज पांडे, आशीष सिंह, रोहित राम, मोनू गुप्ता, ऋषभ ज्योति, दिनेश पासवान एवं आशीष सिंह शामिल रहे।

### महा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आयोजन

## अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा नेता हर्ष अजमेरा



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत स्थित बाजार टांड में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से महा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए, आयोजक मंडली के द्वारा हर्ष अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। इसके बाद श्री अजमेरा ने समस्त खिलाड़ियों से परिचय जानते हुए मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इसके बाद फुटबॉल की किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। भव्य आयोजन में दो मैच खेले गए जिसमें एक मैच पुंदरी एवं दूसरी मैच बादाम ने जीत हासिल किया। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा, खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। इस प्रकार के खेल आयोजन हमारे युवाओं को एक सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ उन्हें टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुण सिखाने में सहायक होते हैं।

## करमा पूजा की पूर्व संध्या पर करमा महोत्सव का आयोजन

**रामगढ़।** डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शुक्रवार को प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर करमा पूजा के पूर्व संध्या पर करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. एस राधाकृष्णन् के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार एवं सभी शिक्षकों के द्वारा की गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा द्वारा एवं करमा पूजा के महत्व एवं विस्तृत परिचय सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के द्वारा दिया गया। भाषण के रूप में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार ने करमा पर्व की उपयोगिता एवं प्रकृति के संरक्षण की बात कही। विधिवत पूजा पाहन कालीचरण मुण्डा के द्वारा संपन्न गया।

## कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने किया कई गांवों का दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा के उपविजेता कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने सदर विधानसभा के सैकडो गांवों में दौरा किया। जिसकी अगुवाई तुलसी कुशवाहा, मुखिया नारायण कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह, डॉ भुनेश्वर महतो एवं एडवोकेट संजय रविदास ने किया। दारू प्रखंड स्थित बड़वार भुइया टोली के सभा को संबोधित करते हुए डॉ मेहता ने कहां कि झारखंड सरकार सभी समाज के हितकारी है, दर्जनो योजनाएं जैसे नौजवान वकीलों को 5000 रुपए, सीनियरी वकीलों को 7000 प्रति माह पेंशन देना, मैंईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, सखी सहायता, महिला ग्रुप योजना, हजारों हजार नियुक्तियां, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, 200 यूनिट बिजली निशुल्क, मुख्यमंत्री असाध्य योजना, ओबीसी के लिए 27% आरक्षण बिल प्रस्ताव पारित करना, पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक एवं होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना तथा तीन गुना वेतन बढ़ाना, सोबरन साड़ी-धोती, छात्रों को दोगुनी छात्रवृत्ति, प्रखंड से शहरों तक बस सेवा, बेरोजगारों को रोजगार, बोलोरो गाड़ी देना, कृषि संबंधी सामग्री एवं दुधारू पशुओं पर 80% के सब्सिडी देना इत्यादि योजनाएं झारखंड वासियों के लिए खुशहाली दायक है। डॉ भुनेश्वर महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड सरकार की योजनाओं का संपूर्ण भारत में प्रशंसा कि जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण लाखों सरकारी नौकरियां समाप्त हो चुकी है।

## मनसा पूजा में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए विधायक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो पंचायत अंतर्गत ग्राम पैसरा में ग्रामीणों के सहयोग से मां मनसा पूजा का आयोजन किया गया।वहीं पूजा मे मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव तथा पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव सम्मलित होकर मां मनसा देवी के मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि तथा अमन चैन की कामना की। इस निमित्त 551 महिला एवं कन्या ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रियों ने मंदिर से कलश उठाकर उत्तर वाहिनी बरसोती नदी से जल उठाया तथा नगर भ्रमण करते हुए कलश को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया। विदित हो कि मनसा पूजा का आयोजन 6 दिनों तक निर्धारित किया गया है जो 13 सितंबर से लेकर 18 सितंबर तक आयोजित होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, वीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया चिंता देवी, पंसस प्रतिनिधि बचनदेव प्रसाद, यमुना प्रसाद, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, तथा कलशयात्री कलशयात्रा में शामिल थे।

# भारतीय वीर सैनिकों से अनुशासन और समर्पण की सीख लेनी चाहिए : बीएन साह

> 22 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स के जयवीर टुडू और सोनू करमाली का ऑल इंडिया थल सेना कैंप दिल्ली में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ , 22 झारखंड एनसीसी बटालियन एनसीसी हजारीबाग के सीएटीसी कैंप के अंर्तगत जयवीर टुडू और सोनू करमाली ने ओटि टेंट पिचिंग में भाग लिया था । इसमें दोनो का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें दोनो कैडेट्स को 22 झारखंड बी एन एनसीसी हजारीबाग के कर्नल हरमीत सिंह और लेफिनेंट कर्नल अंटोनी हेनरी सेलवन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके बाद दोनो कैडेट्स थल सेना कैंप में शामिल हुए। टीएससी- 1, 2,3 और 12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में भी अच्छा प्रदर्शन करने पर कर्नल रविन्द्र रावत ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया । 12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में कर्नल रविन्द्र रावत ने 2 सितंबर से 13 सितंबर 2024 को बिहार झारखंड के 91 कैडेट्स को किट दिया और हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किए और हार्दिक बधाई दी। जिसमे राधा गोविंद विश्वविद्यालय के दोनो कैडेट्स टी एस सी कैंप दिल्ली में टेंट पिचिंग में ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### इसकी जानकारी एनसीसी के एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा ने दी

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने थल सेना कैंप में चयनित जयवीर टुडू और सोनू करमाली को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस खुशी के अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हजारीबाग शहर में रेंगती यातायात व्यवस्था, पुलिस फाइन काटने में व्यस्त

**हजारीबाग।** शहर इन दिनों जाम की समस्या से कराहता नजर आ रहा है। यहां गाड़ियां सरपट दौड़ती नहीं, बल्कि रेंगती हैं। इतना ही नहीं यहां की सड़कों पर अब लोग पैदल भी ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। हर रोज यहां एम्बुलेंस भी कई घण्टे जाम में फंस रहे हैं और यातायात पुलिस बगैर हेलमेट वाहन चालकों की फोटो खींचने में व्यस्त है। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को फोटो खींचकर पुलिस चालान उनके घर भेज रही है ताकि शहर में जाम की समस्या न हो। फिर भी यहां अब तक जाम की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। कारण कि शहर का सड़क अतिक्रमण और टोटो वाहन से पूरी तरह फंसी हुई है। शहर के लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन और सांसद, विधायक अब तक लोगों को जाम से निजात दिलाने में नाकामयाब रही है। पुलिस तो हेलमेट ही चेक कर रही है। जाम के चलते एम्बुलेंस में मरीज की मौत हो रही है। फिर भी यहां का ट्रैफिक व्यवस्था नही सुधर रही। समाजिक कार्यकर्ता डॉ देवेन्द्र सिंह देव ने कहा कि हजारीबाग शहर में रोज दिन जाम लगने से राहगीरों के अलावा मरीज, व स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। यदि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री व पीएमओ को इसकी जानकारी देंगे ताकि हजारीबाग शहर जाम से मुक्त हो।

## दशलक्षण महापर्व में उत्तम सयंम की हुई विधि पूर्वक हुई

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एव रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में 13 सितम्बर को दशलक्षण महा पर्व के छठे दिन उत्तम सयंम धर्म की विधि पूर्वक पूजा हुई। छठे दिन रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य योगेश सेठी, निशा सेठी, सुभाष सेठी, राजकुमार काला, ऋषभ काला, विनय जैन मिथलेश जैन, अमराव देवी पाटनी, मानिक चंद पाटनी की मिला। रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य राजीव जैन को मिला। रामगढ़ में शांतिधारा में का सौभाग्य अशोक काला, अमित काला को मिला। रांची रोड में शांतिधारा का सौभाग्य राजीव जैन को मिला । देर शाम रांची रोड जिनालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों द्वारा धार्मिक भजन गाया गया। सभी



बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसका स्पॉन्सर अमराव देवी पाटनी, मानिक जैन थे। मौके पर पंडित रमेश जैन शास्त्री, राजेश जैन एवम पंकज जैन ने उत्तम सयम धर्म की जानकारी दी। बताता प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है। स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण (दमन, कन्ट्रोल) करना इन्द्रिय-संयम है। पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है इन दोनों संयमों में इन्द्रिय संयम मुख्य है क्योंकि इन्द्रिय संयम प्राणी संयम का कारण है।

## सीपीएम के महासचिव के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हजारीबाग।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के तत्वावधान में सीपीएम के महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी के असामयिक निधन के अवसर पर उनके सम्मान में भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम कामरेड सुमित सिंहा के द्वारा एक शोक प्रस्ताव रखा गया उसके पश्चात कामरेड येचुरी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर 1 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।शोक सभा को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महामंत्री कामरेड जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि कामरेड येचुरी बीमा कर्मचारी और AIIEA के नेतृत्व वाले उनके आंदोलन के बहुत ही प्रिय थे । AIIEA के साथ उनका जुड़ाव इतना घनिष्ठ था कि वह खुद को हल्के-फुल्के अंदाज में अपने को AIIEA का मानद सदस्य बताते थे ।उन्होंने AIIEA की विभिन्न मंडलीय इकाइयों के सम्मेलनों का उद्घाटन किया था । वह AIIEA के 2003 के रायपुर सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिए थे। उन्होंने नागपुर में AIIEA के 23वें सम्मेलन का उद्घाटन किया था और उद्घाटनकर्ता के रूप में उनका स्पष्ट आह्वान था कि "नेता नहीं नीति बदलो "यह आह्वान देश के संपूर्ण मजदूर वर्ग आंदोलन के लिए एक राजनीतिक रैली का बिंदु बन गया था ।

### सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

# एंबुलेंस की बेहतर सुविधा जिले के मरीजों को उपलब्ध हो : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में कई प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा हुई, इनमें मुख्य रूप से सदर अस्पताल में ब्लड लैब में जांच के लिए उपकरण के क्रय हेतु प्रस्ताव जिसमें एडिशनल सीबीसी काउंटर, फुली ऑटो एनालाइजर, सीरम इलेक्ट्रोलाइट परीक्षण मशीन, एचबी 1 एसी टेस्ट मशीन, परीक्षण मशीन, फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने, 2 गुंबदों के साथ 2 ओटी लाइट, 6 वाशिंग मशीन, अस्पताल के चारों तरफ नाली, अतिरिक्त सेप्टीक टैंक निर्माण, एमसीएच भवन के छत जीणोर्धार प्रत्येक डिपार्टमेंट में आवश्यकता अनुसार इनवर्टर, बैट्री, फोल फैन, सीलिंग फैन, ट्यूब लाइट, एल.ई.डी. लाइट अन्य मशीन की खरीदारी समेत कई प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए स्वीकृति दी गई। बैठक में उपास्थित समिति के सदस्यों द्वारा भी कई सुझाव दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को सदर अस्पताल की एंबुलेंस व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटना बहुत होती तथा जिले से बड़े अस्पताल की दूरी बहुत अधिक है। जिसे ध्यान में रखते हुए एंबुलेंस की बेहतर सुविधा जिले के मरीजों को उपलब्ध हो। साथ ही मोक्ष वाहन की मांग हेतु विभाग को पत्रचार करने का निर्देश दिया।



### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित समिति के साथ हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में समिति द्वारा कुल 29 आवेदनों की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा सभी आवेदनों पर चर्चा के बाद 29 आवेदनों को सामने रखा गया। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को मूल्यांकन कर बीमारी एवं गाइडलाइन के अनुरूप राशि का अनुशंसा करते हुऐ जिले के शहरी एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए -सह- कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, संसद प्रतिनिधि डेविड तिर्की, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो समी आलम एवं कल्याण विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

# कोडरमा में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिले में हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। **पहली घटना** में बीती रात चंदवारा थाना अंतर्गत टोल टैक्स के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ट्रेलर वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के गया निवासी रविंद्र कुमार (35) के रूप में हुई है। रविंद्र कुमार टोल टैक्स के समीप अपने वाहन को खड़ा कर बाजार की तरफ जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। **दूसरी घटना** तिलैया थाना क्षेत्र के महतो अहरा के समीप हुई है। बीती रात लगभग 10 बजे साइकिल से अपने घर जा रहे उमेश यादव (40) को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमें उनकी मौत हो गई। वह गुमो खरीटांड़ के रहने वाले थे। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया है।



### कोडरमा घाटी में सड़क हादसे में चार घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटी में शुक्रवार की सुबह किसी वाहन की टक्कर से स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रत हो गई। घटना में कार पर सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पटना निवासी सोनू कुमार (22), कौशल कुमार (22), राहुल कुमार (25), शत्रुघ्न सिंह (25) के रूप में हुई है। घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है। कार सवार युवक पटना से रजरप्पा जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा घाटी मे पीछे से किसी वाहन ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# बाल विवाह व बाल श्रम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सहयोग से सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड के लंबोई गांव के राजकीयकृत धनुर्जय सिंह देव +2 उच्च विद्यालय में बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को बाल विवाह के खतरों के बारे में बताया गया और उन्हें बाल विवाह नहीं करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई।




कार्यक्रम में प्रिंसिपल, शिक्षक, शिक्षिका और बालिकाओं ने भाग लिया और बाल विवाह और बाल श्रम के मुद्दों पर विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि बाल विवाह क्यों नहीं करना चाहिए और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं। सभी ने मिलकर बाल विवाह न करने का संकल्प लिया।

## न्यूज | बॉक्स

### सर्पदंश से एक की हालत गंभीर




**कोडरमा।** जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारो में शुक्रवार को खेत में सब्जी तोड़ने के दौरान विषैले सांप के काटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सर्पदंश से शिकार व्यक्ति की पहचान रोहित साव (62) निवासी ग्राम चुटियरो के रूप में हुई है। सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को परिजन उसे सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### 34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता को लेकर हुई समीक्षा



**सिमडेगा।** 34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर से 2 अक्तूबर 2024 तक झारखंड के सिमडेगा, शहर स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया जाना निर्धारित है।जिसके मद्देनजर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 34 वीं सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता 2025 के आयोजन के निमित्त विचार-विमर्श हेतु बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी एवं खो-खो खेल संघ आयोजकों को आयोजन करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी को पहले से पूर्ण कर लेने की बात कहीं। उन्होंने संघ के आयोजकों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सहित खो-खो संघ के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### कोनमेंजरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनमेंजरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, जिप सदस्य अजय एक्का विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू बीस सूत्री सदस्य अशफाक अंचल अधिकारी उपस्थित होकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकर्म का शुरूवात किया गया। मौके पर प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि महागठबंधन की सरकार जनता की समस्याओं को लेकर गम्भीर है। हमारी जनता को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए स्वंय चलकर ग्रामीणों तक पहुंच रही है। इस शिविर के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार तक खुद चलकर पहुंच रही है। मौके पर असजद अफ्रीदी, कासिफ आलम अनस रेने टेटे आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत अभियान के सहभागी बनें आमजन : श्रद्धानन्द बेसरा



**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा प्रातः कालीन भ्रमण में,नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 2 बकरी टोली बस्ती पहुंचे एवं बस्ती वालों से मुलाकात किए। बस्ती वालों ने श्री बेसरा को बताया कि बस्ती में जलमिनार से विसर्जित जल का जमाव से मच्छर का प्रकोप हो सकता है । स्वच्छता दृष्टिकोण से सोखता खड्डा का निर्माण कर जल जमाव करवाने की कृपा करें। श्री बेसरा ने निराकरण के लिए आश्वासन दिए एवं तुरंत स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी से संपर्क कर किया एवं दुषित जलजमाव के निराकरण हेतु आग्रह किए। मौके पर श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान चलाया है । उसका हम सभी नागरिकों को पालन करना चाहिए और एक स्वच्छ भारत का निर्माण में सहायक बनना चाहिए।मौके पर अनेक महिला पुरुष उपस्थित थे।

### पीडियापोंछ में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ डाडपानी के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल , इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल । घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल के बीच आपस मे काफी जोरदार टक्कर हुई ।इसके बाद मोटरसाइकिल में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की मदद इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉ0 देबोतोष भुटिया की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया ।

# देशवासियों को गौरवान्वित करता है शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की वीरता : जोसिमा खाखा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
हलवई नदी के सामने स्थित शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि मनाई गई। भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटरन्स इंडिया जिला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। जोसिमा खाखा ने शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उनके बीरता को याद किया गया। मौके पर जोसिमा ने कहा कि शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की बीरता हमें गौरवांवित करता है। इन्होंने नौकरी के महज तीन साल में ही अपनी



अदम्य साहस, बहादुरी और बीरता का प्रदर्शन किया। देश की आन, बान व शान के लिए अपनी शहादत दी। इनके गांव तक सड़क काफी जर्जर हुआ करता था। विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर अब गांव तक कालीकरण पथ का निर्माण हो चुका है। जब शहीद की मां जब

**शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

अस्पताल में भर्ती थी तब विधायक भूषण बाड़ा ने राज्य सरकार से मिलकर उनके इलाज हेतु लगभग दस लाख रुपये की मदद दिलाई थी। उन्होंने कहा कि हमारी धरती वीरों की धरती रही है। देश की रक्षा के लिए हमारे वीर जवानों ने सेना में नौकरी करते हुए उम्दा प्रदर्शन किया है। ऐसे वीर सैनिको को विधायक भूषण बाड़ा सम्मान देने का काम किया जा रहा है। वीर सैनिकों के कार्य को, उनकी समस्याओं का निदान कराने में पहली प्राथमिकता मिलना चाहिए। वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों के सहयोग के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि सैनिकों की सेवा सर्वोपरी हो एवं उनके कल्याण के लिए हर व्यक्ति सहयोग करे। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर सैनिकों एवं सैनिक अधिकारियों की सुरक्षा की बदौलत हम देशवासी चैन की नींद से सो रहे है एवं शांति से जीवन यापन कर रहे हैं।

### चौकीदार पद को लेकर लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी

**अभ्यर्थियों ने प्रशासन पर धांधली का लगाया आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा में चौकीदार पद को लेकर भर्ती प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा का परिणाम जारी करते हुए रिजल्ट जारी किया है । जिसको लेकर सिमडेगा में विवाद शुरू हो गई ।इधर अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार समाहरणालय से लेकर कई जगहों पर सैकड़ो की संख्या में जुट कर जारी रिजल्ट का विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बैठक करते हुए धांधली का आरोप लगाते हुए परीक्षा को रद्द करने की मांग। पिंकी रोस तिर्की ने कहा कि अनुसूचित जनजाति में कट ऑफ मार्क्स 39 है और 43 नंबर लाने के बावजूद उनका सूची में नाम नहीं है जो कि नियम के विरुद्ध है। अभ्यार्थी बिल्कन बिलुंग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति में 40 कट ऑफ मार्क है और 45 नंबर लाने के बावजूद उसकी सूची में नाम नहीं है इसके अलावा कई लोगों का रिजल्ट में गड़बड़ी किया गया है । इधर एक अभ्यर्थी ने बताया कि वह अनुसूचित जनजाति की महिला अभ्यर्थी है ,जिसे जनरल कैटेगरी में रिजल्ट जारी कर दिया है ।

### घायल ग्रामीण जिप सदस्य जोसिमा खाखा के पहल पर रिम्स रेफर

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा शुक्रवार की अहले सुबह सदर अस्पताल पहुंच घायल ग्रामीण से मिली। घायल ग्रामीण पाकरटांड़ प्रखंड के नानेसेरा आसनटोली निवासी राजेश मिंज है। राजेश मिंज के शरीर के चमड़ा छिला गया है। साथ ही सिर में भी गंभीर चोट लगी है। सिर में चोट लगने के कारण राजेश मिंज का मानसिक संतुलन भी सही नहीं लग रहा है। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर किया। इधर जोसिमा खाखा ने घायल ग्रामीण का बेहतर इलाज के लिए रिम्स में लाइनअप की। साथ ही ग्रामीण के इलाज में हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, पाकरटांड़ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा भी मौजद थे।

# परिवर्तन संकल्प रथयात्रा के जरिये सरकार का पोल खोलेगी भाजपा : विनय लाल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले परिवर्तन संकल्प रथयात्रा के निमित्त बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि पूरे प्रदेश को छ जोन में बात कर संगठन द्वारा परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जा रही है ।जो खूंटी के उलिहातू से प्रारंभ होकर रांची में संपन्न होगी।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सह विधानसभा प्रभारी मुनेश्वर साहू ने कहा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। झारखंड से भ्रष्टाचारी सरकार को उतार फेंकने का संकल्प लें।बैठक को संबोधित करते हुए दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय परिवर्तन संकल्प यात्रा प्रभारी विनय लाल ने कहा कि पूरे झारखंड में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है ।लोग इस



भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुके हैं और झारखंड में परिवर्तन का मन बना चुके हैं ।इसी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन संकल्प यात्रा 22 सितंबर से पूरे झारखंड को छः जोन में बांटकर चलाया जाएगा।परिवर्तन संकल्प यात्रा 22 सितंबर को खूंटी के उलिहातू से प्रारंभ होकर बानो कोलेबिरा, सिमडेगा ,ठेठईटांगर, बोलबा ,केरसई कुरडेग, पालकोट होते हुए गुमला लोहरदगा से 30 सितंबर को राँची में सम्पन्न होगी।जानकारी देते हुए विनय लाल ने बताया कि परिवर्तन संकल्प यात्रा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हटिया विधायक नवीन जायसवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंटोनी एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव परिवर्तन संकल्प यात्रा में साथ रहकर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने का कार्य करेंगे। इसकी तैयारी के निमित्त विभागवार कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपा। मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ,प्रदेश का समिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव, आमंत्रित सदस्य अमरनाथ बामलिया ,महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, अनूप प्रसाद श्रीलाल साहू ,मनोज साय, नगर मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लंबित मामलों का जल्द करें निपटारा : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आईटीडीए एवं कल्याण विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साईकल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, वन पट्टा वितरण, कब्रिस्तान व सरना घेराबंदी, छात्रवृत्ति, धूमकुड़िया आवास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में साइकिल वितरण योजना की समीक्षा कर वितरण से संबंधित जानकारी लिया। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने बताया कि अब तक 3000 से अधिक विद्यालय के बच्चों को साइकिल मुहैया कराया गया है बचे हुए शेष बच्चों को भी यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी ।उपायुक्त ने साइकिल वितरण से संबंधित कार्यों की प्रतिदिन प्रखंडवार समीक्षा करने की बात कहीं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से संबंधित लंबित मामलों का लाभुक से संपर्क कर आवश्यक त्रुटियों का निराकरण करते हुए योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया ।वित्तीय वर्ष 2022 -23 एवं 2023-24 के सरना-मसना घेराबंदी, धूमकुड़िया आवास निर्माण एवं कब्रिस्थान घेराबंदी से संबंधित लंबित मामलों का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लंबित सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें, लाभुक समिति से बात कर मामले का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस योजना में कार्य आदेश निर्गत के उपरांत अब तक कार्य प्रारंभ नहीं की गई है उसमें यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देश देने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए ।बैठक में परियोजना निदेशक आई.डी.टी.ए. -सह- जिला कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की समेत कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित रहे।

### प्रवासी मजदूर मांगनू साय के परिवार को मिला प्रशासन का साथ

# श्रम विभाग ने दिया 50 हजार का चेक

*उपायुक्त के निर्देश पर जलडेगा बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने भी पीड़ित परिवार के घर जाकर उन्हें सुखा राशन, कपड़ा आदि मुहैया कराया*



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के टिनगिना बगीचा टोली निवासी मांगनू साय पिता कृष्णा साय नामक प्रवासी मजदूर की अचानक तबियत बिगड़ने से कर्नाटक में पिछले रविवार को मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उपायुक्त सिमडेगा और श्रम विभाग से शव को घर लाने हेतु मदद की गुहार लगाई थी। मामला संज्ञान में आने के बाद सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने त्वरित कारवाई करते हुए श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज को तत्काल आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा झारखंड अंतराज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना के तहत शव को पैत्रिक निवास स्थान लाने हेतु उनकी आश्रित पत्नी जयमती कुमारी को श्रम विभाग सिमडेगा के द्वारा तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपए का चेक उनके घर पर दिया गया।

वहीं श्रम अधीक्षक के निर्देश पर श्रम विभाग जलडेगा के आलोक कुमार द्वारा मृतक के आश्रितों का श्रमाधान पोर्टल पर असंगठित मजदूर निबंधन कार्ड बनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि असंगठित कार्ड बनने से 9 तरह के लाभ मजदूरों को श्रम विभाग के माध्यम से दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बाहर काम करने जाने से पहले प्रवासी मजदूर कार्ड बना कर जाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उपायुक्त के निर्देश पर जलडेगा बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने भी पीड़ित परिवार के घर जाकर उन्हें सुखा राशन, कपड़ा आदि मुहैया कराया। इस दौरान बीडीओ ने पीड़ित परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने का आश्वासन दिया। परिवार को अबुआ आवास, झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, विधवा पेंशन योजना का लाभ देने के लिए तत्काल आवेदन जमा किया गया। बीडीओ ने कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र बने ही पेंशन योजना के लिए

# जवाहर नवोदय विद्यालय में करियर गाइडेंस व काउंसलिंग का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत 'कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए कैरियर गाइड एवं काउंसलर अभय अलबेला, शिखा रानी, ब्रजेश कुमार शर्मा एवं गौरव कुमार को पुष्पगुच्छ प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया। अभय अकेला ने इस मौके पर छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम के दरम्यान उन्होंने छात्रों की जिज्ञासा को भी शांत किया। प्राचार्य प्रशांत कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक छात्र को अपने कैरियर के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्हें शुरूआत में ही लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए ताकि उन्हें समय से सफलता मिल सके। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पुस्तकालयाध्यक्ष-सह-कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग प्रभारी बिकास चंद्रा ने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छत्रों को इसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिलती है। सांध्यकालीन सत्र में ज्योति टुटी ने पीएम श्री योजनान्तर्गत बाल-संसद का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर संजय कुमार सिन्हा (वरीय शिक्षक), सुनील कुमार सिंह, रामायण पासवान, मनोज कुमार, अंजु तिग्गा, गीता कुमारी सहित सभी शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा नेता ने परिवर्तन पदयात्रा कर कोबांग क्षेत्र के ग्रामीणों की सुनी समस्या

- **कोबांग में एक टूरिस्ट स्पॉट का निर्माण कराया जाये। इससे यहां आने वाले सैलानियों को रहने ठहरने में काफी सुविधाजनक होगी**



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**
प्रखंड स्थित कोबांग पंचायत क्षेत्रों में भाजपा के भाजपा नेता सोनू एक्का ने अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ परिवर्तन पदयात्रा करते हुये गांव और ग्रामीणों का हाल जाना सोनू एक्का ने कोबांग पंचायत क्षेत्रों में डोर-टू-डोर ग्रामीणों के घर-घर जाकर लोगों से रु-ब-रु हुये और कोबांग पंचायत क्षेत्रों की सभी जन-समस्याओं से अवगत हुये। इस अवसर पर कोबांग पंचायत क्षेत्रों के ग्रामीणों ने बताया ।की कोबांग पंचायत क्षेत्रों के लोग वर्षों से अनेक जन-समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। जिस पर स्थानीय विधायक की कोई नजर आज तक नहीं गयी ।ग्रामीणों ने सोनू एक्का को बताया ।की कोबांग पंचायत क्षेत्रों में बिजली,पीनी और सड़क सहित अनेक समस्याओं के कारण लोग वर्षों से जूझते आ रहे हैं ।कोबांग पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पहले सड़क और बिजली मुहैया करा दिया जाय। तो काफी हद तक यहां के लोगों की परेशानियां दूर हो जायेगी। ग्रामीणों ने सोनू एक्का से मांग करते हुवे कहा कि कोबांग में प्रत्येक वर्ष यहां सैंकड़ों पर्यटक भ्रमण के लिये आते हैं। यदी कोबांग में एक टूरिस्ट स्पॉट का निर्माण करा दिया जाय। तो प्रत्येक वर्ष यहां आने वाले सैलानियों को रहने ठहरने में काफी सुविधाजनक होगी। साथ ही यहां के सैंकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।कोबांग पंचायत के ग्रामीणों की सारी समस्याओं से अवगत होने के बाद भाजपा नेता सोनू एक्का ने कहा कि आप सभी की मांगे उचित है। आप सभी इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सहयोग करें।और ऐतिहासिक रुप से भारी संख्या में वोट देकर एक निष्पक्ष और निष्ठावान,विकासशील और ईमानदार विधायक का चयन करें। मौके पर साहू,बसंत सिंह,विजय सिंह,अनूप साहू,शंकर साहू,जमुना देवी आदि सहित सैकड़ो की संख्या में कोबांग पंचायत के लोग उपस्थित थे।

## सर्जन्स ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर का सम्मेलन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** 'जासिकोन' सर्जन्स ऑफ झारखंड चैप्टर का तीन दिवसीय वार्षिक कांफ्रेंस शुक्रवार गिरिडीह में प्रारम्भ हुआ। उत्सव उपवन रिसोर्ट में आयोजित 13 से 15 सितम्बर तक चलने वाले कांफ्रेंस की शुरूवात गणेश वंदना से हुई। कांफ्रेंस में देश के कई नामी मेडिकल कॉलेज के टॉप सर्जन के अलावा जूनियर प्रशिक्षु सर्जन शामिल हुए है। बताया गया कि जासिकोन झारखंड चैप्टर का सम्मेलन का नेतृत्व गिरिडीह ब्रांच के डॉक्टर उत्तम जालान, डॉक्टर एसके डोकानियां, डॉक्टर राजेश सिंह, डॉक्टर मोहम्मद आजाद, डॉक्टर विकास लाल, डॉक्टर नीरज डोकानियां कर रहे है। कांफ्रेंस में भोपाल के लेप्रोस्कॉपी सर्जन डॉक्टर संजय जैन, कोलकाता से संजय मंडल, हैदराबाद अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर सजीव खुलेब, दिल्ली मैक्स अस्पताल के यूरोलॉजिस्ट सर्जन डॉक्टर पवन केशवरवानी, जयपुर से कैंसर सर्जन डॉक्टर भंवर लाल यादव और ब्रेस्ट कैंसर सर्जन डॉक्टर सुमेधा, डॉक्टर नम्रता और हजारीबाग से डॉक्टर सतवीर सिंह सलूजा समेत लगभग तीन सौ से अधिक सर्जन हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन के पहले दिन ही अलग अलग मेडिकल कॉलेज से आई ब्रेस्ट कैंसर सर्जन ने अपने अनुभवों का प्रजेंटेशन प्रोजेक्टर के जरिये साझा किया। बताया गया कि कान्फ्रेस हाल में जूनियर डॉक्टरों को नई-नई तकनीक से सर्जरी की जानकारी दी जा रही थी। सम्मेलन में आए भोपाल के डॉक्टर संजय जैन ने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में माना कि अब भी झारखंड के कई हिस्सों में लोगों में जागरुकता का इतना अभाव है कि वो बीमारी के अंतिम स्टेज में पहुंचने के बाद अपना इलाज शुरू कराते है। उन्होंने कि कहा कि नई तकनीक पर रिसर्च किये जा रहे हैं। मरीजों को नई तकनीक से सुविधा और बेहतर इलाज कैसे मिले, इसी दिशा कई सारे प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बगैर सर्जरी के आधुनिक तकनीक से गंभीर बीमारियो के इलाज के संदर्भ में लगातार शोध किये जा रहे हैं।

### तिसरी में सैकड़ों महिलाएं मंईया सम्मान योजना से वंचित

# ना आवेदन का पता चल रहा, ना पहली किस्त का कोई अता पता

- *महिलाएं चक्कर लगाने को हैं मजबूर*
- *जल्द ही सभी महिलाओं को मिलेगी पहली किस्त : बीडीओ*



**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लागू किया गया है। जिसके तहत पहले 21 वर्ष और अब 18 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिवर्ष ₹12000 यानि महीने के हजार रूपए देने की कवायद शुरू की गई है। इसकी शुरूआत बीते 3 अगस्त से की गई थी और प्रत्येक माह के 15 से 20 तारीख तक इसकी राशि महिलाओं के खाते में पहुंच जानी है। इसको लेकर तिसरी प्रखंड में प्रथम बार जब इस मंईया सम्मान योजना के लिए कैंप लगाई गई तब सैकड़ों महिलाओं का आवेदन जमा लिया गया परंतु कई महिलाओं को अब तक मंईया सम्मान योजना की एक किस्त भी नहीं मिल पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत केवल तिसरी पंचायत में 1100 से अधिक आवेदन आए थे लेकिन केवल 400 के आस - पास आवेदन ही ऑनलाइन किया गया है। बाकि के बचे 700 से ज्यादा आवेदनों को गदाल खातों में फेंक दिया गया। हालांकि यह डेटा ऑफिसियल नहीं है। अब इसमें किसकी लापरवाही है या किसकी जिम्मेवारी है इसका तो पता नहीं लेकिन इस लापरवाही के कारण सैकड़ों महिलाओं को अब तक मंईया सम्मान नहीं मिल पाया है।

### लेकिन एक पंचायत का यह हाल है तो पुरे प्रखंड में इसकी स्थिति क्या होगी?

शुक्रवार को तिसरी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में कई महिलाएं इसको लेकर इधर - उधर चक्कर काटते मिली। पिंकी देवी,देवंती देवी, खुशी भारती, सपना कुमारी,आरती कुमारी,निर्मला देवी सहित सहित कई महिलाओं ने एक ही बात कही कि जब इस योजना की शुरूआत की गई थी तो हम लोगों ने लाइन लगाकर पंचायत भवन में फॉर्म जमा किया था लेकिन ना ही हमारा पहला किस्त मिला और ना ही आवेदन का कुछ पता चल रहा है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी

जब इसकी जानकारी तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव से लिया गया तो उन्होंने कहा कि यहां पर जो फार्म जमा किया गया है वह प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से प्रखंड कार्यालय में जमा किया जा चुका है बाकी बचे आवेदनों को ऑनलाइन किया जा रहा है।कैम्प में उपस्थित झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल ने कहा कि सरकार से दबाव है कि सभी महिलाओं को मंईया सम्मान योजना की पहली किस्त मिलनी चाहिए। इनका कहना है कि बीडीओ साहब अपना डोंगल से छोड़े हैं या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन महिलाओं को हर हाल में मंईया सम्मान योजना की किस्त मिलनी चाहिए। इधर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि हमारी तरफ से सभी का ऑनलाइन किया जा रहा है जल्द ही सभी को पहली किस्त मिल जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर मुख्यालय में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर मुख्यालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और चैनपुर पंचायत के मुखिया शोभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से लेकर तकरीबन सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे वही शिविर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में फसल बीमा के केसीसी के उद्यान के राजस्व विभाग पशुधन विभाग मनरेगा अबुआ आवास मंईयां सम्मान योजना के लिए दावा वितरण सावित्री बाई फुले के लिए आवेदन जमा किये गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने उपस्थित लोगों से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन समस्याओं के निष्पादन के लिए चैनपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में बारी बारी से किया जा रहा है ताकि आप सबों को सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके। वहीं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने लोगों से अपील किया कि सभी जरूरत मंद व्यक्ति इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। वही शिविर में अबुआ आवास,राशन कार्ड आवासीय प्रमाणपत्र, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पशुधन योजना सर्वजन पेंशन योजना केसीसी, वृद्धा पेंशन,जाति प्रमाण पत्र विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन जमा हुए। वही मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव बैठा, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, सभी योजनाओं से संबंधित पदाधिकारी सहित चैनपुर पंचायत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### डेवीडीह में मनाया गया करमा पूजा पूर्व संध्या, शामिल हुए विधायक चमरा लिंडा



**गुमला।** सदर प्रखंड क्षेत्र के डेवीडीह में शुक्रवार को करमा पूजा को लेकर पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा शामिल हुए। करमा पूजा को लेकर मनाए गए पूर्व संध्या में हजारों की संख्या में महिला और पुरुषों शामिल हुए जो पारम्परिक ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर नृत्य किया । इस मौके पर विधायक चमरा लिंडा ने लोगों को संबोधित करते हुए करमा पूजा की बधाई दी और आह्वान किया कि हमें हर हाल में अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करने के लिए मिलकर रहना होगा।

## एक नजर

### तेतुलमारी में बहू की पिटाई से ससुर की हुई मौत

**धनबाद ।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निछनी गांव में कलयुगी बहू की मारपीट से ससुर



अलाउद्दीन अंसारी (60 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के संबंध में अलाउद्दीन की पत्नी नूरजहां खातून ने ईस्ट बसुरिया ओपी में लिखित शिकायत दी है। ओपी प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि मृतक की पत्नी नूरजहां खातून ने अपनी बहू नजमा खातून व अन्य लोगों पर उसके पति की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है, जिससे अलाउद्दीन की मौत हो गई। ओपी प्रभारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जहांच कर रही है। दोषी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, शुक्रवार को अलाउद्दीन अंसारी के शव को मिट्टी दी गई। आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सेक्टर 12 में किशोरी के साथ मारपीट, अपहरण का प्रयास

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र की तेतुलिया बस्ती में गुरुवार की रात बदमाश युवकों ने एक किशोरी के अपहरण का प्रयास किया। है। किशोरी के परिजनों की तत्परता से युवक सफल नहीं हो पाए और भाग खड़े हुए। किशोरी के पिता श्यामसुंदर यादव ने बताया कि उसकी बेटी रात करीब 10:30 बजे अपनी मां के साथ दरवाजे के पास खड़ी थी। इसी दौरान बिजली कट गई। किशोरी को छोड़कर मां अंदर चली गई। तभी बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। मां ने देखा कि कुछ युवक उसकी बेटी को मारपीट करते हुए घसीटते ले जा रहे हैं। शोर मचाने पर बदमाश भाग खड़े हुए।

### सिरी गांव में लाखो की सम्पति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा पंचायत के सिरी गांव में अज्ञात चोरों ने लगभग 4-5 लाख रुपये की सामानों की चोरी कर ली। प्रिंस कुमार के घर मे गुरुवार की रात में अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवर व 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ली। चोरी गए सामानों सोने के चैन दो लॉकिट दो जोड़ा कान बाली चांदी का बाला दो जोड़ा पायल लरछा व चांदी के हँसुली समेत अन्य घरेलू सामानों की चोरी कर ली। चोरों ने घर से कुछ दूरी पर कपड़ा बक्सा आदि को फेक दिया।

## नवाचार बूट कैंप में गोड्डा के शिक्षकों ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सौजन्य से जमशेदपुर के आरबीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के लिए नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर आधारित बूट कैंप का गुरुवार शाम को समापन हो गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष और शिक्षा मंत्रालय के प्रोफेसर टीजी सेथाराम ने बुधवार क किया। इस कार्यक्रम में गोड्डा जिले से भी चार शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें पीएम श्री आदर्श मध्य विद्यालय महागामा में पदस्थापित सहायक शिक्षक विनोद कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल हुए। गुप्ता ने अपने शैक्षणिक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के बूट कैंप शिक्षकों और छात्रों के लिए नए कौशल और नवाचार को अपनाने का एक महत्वपूर्ण साधन साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल छात्रों में, बल्कि शिक्षकों में भी रचनात्मकता और उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है। उनके नवाचारी विचारों को देखते हुए उन्हें इस कार्यक्रम में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## नशे की शिकार बच्ची को डालसा ने किया धनबाद स्टेशन से रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत शुक्रवार को धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 से नशे की शिकार एक 13 वर्षीय बच्ची को पीएलवी अरविन्द कुमार और प्राणनाथ ने रेस्क्यू किया। बच्ची डेंड्राइट ग्लू का नशा कर रही थी। जिससे वो लगभग बेहोशी की अवस्था में चली गई थी। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि बच्ची का मेडिकल कराया जायेगा जिसके बाद उसे बालिका गृह भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को पुलिस सीडब्ल्यूसी, चाईल्ड हेल्पलाइन की सहायता से रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनके नशे की लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है। इसके तहत इस बच्ची के अलावे अब तक पांच बच्चों को रेस्क्यू कर उसे मुख्य धारा में लाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।

## राष्ट्र निर्माण में स्काउट गाइड की भूमिका अहम : डॉ रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड मानवता और समाज के प्रति निष्ठावान बनने की सीख देता है। उक्त बातें उसुर्लाइन कॉन्वेंट हाई स्कूल में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित तृतीय सोपान प्रशिक्षण समारोह के प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा। डॉ उरांव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्काउट गाइड की भूमिका अहम है। आप्तकाल, संकट के दौरान संस्था के बच्चों की सेवा कार्य हमेशा सराहनीय रहता है। इन्होंने भारत स्काउट गाइड के बच्चों को सदैव अनुशासन में रहने का उपदेश दिया। बच्चों के द्वारा किए गए प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि आप जल्द ही राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार की तरफ बढ़े। संस्था के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि यह एक गैर राजनीतिक शैक्षिक आंदोलन है। विश्व के 200 से भी ज्यादा देशों में स्काउट गाइड की शाखाएं संचालित हैं। इसका मकसद संस्कारिक और चरित्रवान के साथ बच्चों को साहसिक,मानसिक रूप से मजबूत बनना है । जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की अगुवाई में मुख्य अथिति वित्त मंत्री को पौधा देकर स्वागत किया गया। उसुर्लाइन कॉन्वेंट हाई स्कूल की प्रिंसिपल उसुर्ला कंडूलना ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने शेरो शायरी के माध्यम से सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी की बात कही ट्रेनर संध्या सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर शिविर प्रधान पुष्पा बाखला,ट्रेनर संध्या सिंह, संध्या कुजूर, रेणु कुजूर, दीप्ति एक्का,सरोज तिर्की के अलावा अन्य परक्षिणार्थी मौजूद थे।

### गिरिडीह सदर विधायक के आवास पर घर लौटे 14 प्रवासी मजदूरों से मिले

**गिरिडीह।** रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गए 14 प्रवासी मजदूरों की शुकवार को वतन वापसी हुई। सभी मजदूर शुक्रवार को सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू के आवास पहुंचे। बताया गया कि 14 मजदूरों की वतन वापसी में विधायक सोनू की खास भूमिका रही। मजदूरों के अगुवा सिकन्दर अली ने कहा कि सउदी अरब से लौटे मजदूरों को विधायक ने शीघ्र स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया था। आज उन्होंने कहा कि लौटे मजदूरों को नियम से जो सरकारी सुविधा मिलनी चाहिये उन तमाम योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए श्रमिकों ने विधायक का आभार जताया। हालांकि 29 मजदूर अब भी सऊदी अरब में फंसे हैं। सारे मजदूर हजारीबाग और गिरिडीह के बगोदर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## राजगंज पहुंचा चलंत लोक अदालत, लोगों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चलंत लोक अदालत बाघमारा ब्लॉक के राजगंज पंचायत पहुंचा, जहां अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना, दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया। साथ ही समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस मौके पर वैधानिक स्वयंसेवक, दिनेश वर्मा, सहदेव महतो, चंदन कुमार, डालसा के विनोद पांडे, श्याम कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए एलईडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है और उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन मौके पर ही उसका समाधान करने का प्रयास भी कर रही है। वहीं सहायक कांउसिल नीरज गोयल ने कहा कि भारत का संविधान यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित न रह सके।

इसी उद्देश्य से हम लोगों के बीच जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से आए हैं। वहीं धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि उपेक्षित और वंचित वर्ग के लोगों को निष्पक्ष और सार्थक न्याय सुनिश्चित कराने के लिए एक समावेशी न्याय प्रणाली को बढावा देना समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावित कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा हमेशा काम कर रही है।

इसी कड़ी में जस्टिस ऑन व्हील दो सितंबर को रवाना किया गया, जो 30 सितंबर तक जिले के सभी ब्लॉक और पंचायत का भ्रमण कर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता फैलाएगी। उन्होंने बताया कि न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज चालंत लोक अदालत 12वें दिन राजगंज पंचायत पहुंचा, जहां से आज 70 लोगों से मईया सम्मान योजना, 12 आवेदन अबुआ आवास, 12 आवेदन बिजली बिल माफी से संबंधित, और मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के 8 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिस पर जल्द करवाई होगी।


## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

### नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/13/2024-25 (Re Tender)

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांकः 13.09.2024
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांकः 20.09.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांकः 21.09.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
6 मद का नाम :– नागरिक सुविधा/षहरी परिवहन
7 हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690, 8084609105

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Laying of Paver Block Road From Mahuva Tree to Imli Tree in Dhatva Tand | 1023360.00 | 20468.00 | 5000 | 45 दिन |
| 2 | 2 | Community Building Near Ram Janki Mandir at Tuti Jharna (Manmohan Nagar) in Ward No 2 | 2352608.00 | 47053.00 | 5000 | 120 दिन |
| 3 | 5 | Construction of PCC Road from H/O Suresh Mahto to Parmeshwar Hotel in Ward No 5 | 1844650.00 | 36893.00 | 5000 | 90 दिन |
| 4 | 5 | Construction of Drain from (a) FCI Godown to NH-33 (b) Shivlal Yadav to Yunus Ansari | 2107300.00 | 42146.00 | 5000 | 90 दिन |
| 5 | 5 | Construction of PCC Road from NH-33 (Digwar) to Parmeswar Singh in Ward No 5 | 1758300.00 | 35166.00 | 5000 | 90दिन |
| 6 | 5 | Construction of PCC Road from NH-33 (Digwar) to Suresh Mahto in Ward No 5 | 1543500.00 | 30870.00 | 5000 | 90 दिन |
| 7 | 6 | Construction of PCC Road from H/O Dasrat Yadav to Sanjay Yadav in Ward No 6 (Amrit Nagar Pochra) | 1594200.00 | 31884.00 | 5000 | 90 दिन |
| 8 | 6 | Construction of PCC Road from Bhuiyan Tola to Bitumen Road Painki in Ward No 6 | 1451750.00 | 29035.00 | 5000 | 90 दिन |
| 9 | 8 | construction of PCC road from (a) H/O Ashok kumar to Gudu sharma,Ashok kumar to Narendra yadav,Niraj Niraj to Santosh shah home (b) H/O Mahto ji to Ravindra singh home in ward no 08 | 1260200.00 | 25204.00 | 5000 | 90 दिन |
| 10 | 12 | Beautification of Devi Mandap at Argada (Chouhan Mohalla) Construction of Boundry Wall and Shed, Laying of Paver Blocks and tiles | 1194600.00 | 23892.00 | 5000 | 90 दिन |
| 11 | 12 | Beautification at Birsa chowk (Mahuwa Tand) in Ward No 12 (Construction of Stage with Shade, Paver Block & PCC Road) | 1507700.00 | 30154.00 | 5000 | 90 दिन |
| 12 | 12 | Beautification of Jharna at Jobhiya ward no.-12 a)Construction of Samshan Shed b)construction of Changing room c)Construction of Boundary wall d)Laying of Paver Block | 1715600.00 | 34312.00 | 5000 | 90 दिन |
| 13 | 15 | Laying of Paver Block at Market Area Old (Sirka Football Ground) in Ward No 15 | 2206600.00 | 44132.00 | 5000 | 45 दिन |
| 14 | 15 | Construction of Drain at Market Area Old (Sirka Football Ground) in Ward No 15 | 1753700.00 | 35074.00 | 5000 | 90 दिन |
| 15 | 15 | Construction of PCC Road from Nimtala Drain to Pokhar in Ward No 15 | 2022300.00 | 40446.00 | 5000 | 90 दिन |
| 16 | 23 | Construction of PCC Road from H/O Jakir Ansari to Sahanshah Nut and Drain from H/O Sahanshah Nut to H/O Prakash Saw in Ward No 23 | 2066100.00 | 41322.00 | 5000 | 90 दिन |
| 17 | 26 | Laying of Paver Block road in Galli Muhallah in Ward no 26 | 1654200.00 | 33084.00 | 5000 | 45 दिन |
| 18 | 28 | Construction of Community hall at beda Tola Chharmandu in ward No-28 | 1366650.00 | 27333.00 | 5000 | 120 दिन |
| 19 | 29 | Construction of Drain at kothar NH-23 from H/O Raju Kushwaha to H/O Kishore Saw in Ward No 29 | 1496500.00 | 29930.00 | 5000 | 90 दिन |
| 20 | 31 | Construction of Drain at Ohdari Muhallah in Ward No 31 | 1363600.00 | 27272.00 | 5000 | 90 दिन |
| 21 | 32 | Construction of Retaining wall in Bhumihar tola from land of Chandan singh to mango tree in ward no-32 | 2438400.00 | 48768.00 | 5000 | 90 दिन |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 335707 (District) 24-25 (D)

संपादकीय

# औपचारिकता बनता हिंदी दिवस और बढ़ती अंग्रेजी

हमें इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि मल्टीनेशनल कंपनियों, कॉनवेंट स्कूलों और सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट में हिंदी बोली तकरीबन सिमट गई है। वैसे, हिंदी की जो दुर्दशा है, उसका बड़ा कारण, खुद हिंदी समाज ही है। उसका पाखंड, उसका दोहरा मापदंड और उसका उनींदापन? सच ये भी है कि पश्चिमी भाषाएं कितनी भारतीयों पर हावी क्यों न हो? पर हिंदी आज भी आमजन और पिछड़े वर्गों का निर्माण करती है। शिक्षित वर्ग धीरे-धीरे हिंदी से अलग हो जाता है। लाज सिर्फ ग्रामीणों ही बचा पा रहे हैं। वो अब भी हिंदी को पूजते, मानते और बोलते हैं। हिंदी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसकी आड़ में हिंदी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए। वैश्वीकरण और उदारीकरण में हिंदी अपने बुरे दौर से गुजर रही है। हिंदी दिवस हो या कोई अन्य आयोजन, कागजी तौर पर बेशक हिंदी को बढ़ावा देने की बातें कहीं जाती हों, पर हिंदी एक सीमित वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। गरीब, कामगार व ग्रामीणों तक ही सीमित होती जा रही है। वहीं, अंग्रेजी का जिस तेज गति से विस्तार बीते एकाध दशकों में हुआ है उसने हिंदी के समझ मानो कांटे बिछा दिए हैं। 2014 में जब केंद्र में नई कुहूमत आई, तो उसने हिंदी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाए। सभी मंत्रालयों में हिंदी को अपनाने का आदेश दिया। बड़ा अभियान छेड़ा गया। कुछ महीनों तक इस अभियान का जोर सरकारी विभागों और मंत्रालयों में दिखाई पड़ा, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, अभियान भी फीका पड़ गया। पर, कोशिशें ईमानदार और बेहतरीन थीं, लेकिन उसे यथावत नहीं रखा जा सका। दरअसल, धनाढ्य और विकसित वर्ग ने जबसे अंग्रेजी को संपर्क भाषा के तौर पर अपनाना शुरू किया, तभी से हिंदी के दिन लदने शुरू हुए। इसमें किसी और का दोष नहीं, हम खुद जिम्मेदार हैं।अंग्रेजी की बढ़ती धमक से अब एक दैनिक दिहाड़ी मजदूर भी वाकिफ है। तभी, वह भी अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। ये ऐसा फर्क है, जिसे आसानी से कम नहीं किया जा सकेगा। करीब 9 वर्ष पूर्व केंद्र सरकार की पहल पर जब वित्त मंत्रालय जैसे विभागों में अंग्रेजी के जगह हिंदी में कामकाज होना शुरू हुआ, तो देखकर आश्चर्य हुआ। लेकिन बाद में फिर वही 'ठाक के तीन पात' साबित हुए। हिंदी को सहेजने और उसे बचाने के लिए केंद्र सरकार के अभियान के साथ-साथ समाज को भी गंभीर होना होगा। अभियान को जन आंदोलन में तब्दील करना होगा। सरकारी स्तर पर तकरीबन मंत्रालयों में बोलचाल व पठन-पाठन में हिंदी का इस्तेमाल हो। हिंदी बोलने में किसी को शर्म न आए, क्योंकि ये हमारी देशी भाषा है। इस भाषा को बढ़ाने के लिए सभी को आगे आना होगा। आज 'हिंदी दिवस' है, सभी संकल्पित हों, सिर्फ रस्म अदायगी तक सीमित न रहे ये खास दिवस। दूसरी बात एक ये? शुद्ध हिंदी बोलने वालों को देहाती व गंवार न समझा जाए।बीपीओ व बड़ी-बड़ी कंपनियों में हिंदी जुबानी लोगों के लिए नौकरी नहीं हैं, होनी चाहिए ऐसी व्यवस्थाएं बनें। इसी बदलाव के चलते आजकल देश का हर दूसरा आदमी अपने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने को मजबूर है। इस प्रथा को बदलने की आवश्यकता है।

**हिंदी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसकी आड़ में हिंदी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए।**

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पैक्स




दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025' के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पैक्स अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पैक्स के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पैक्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पैक्स की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देशीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पीएसीएस ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पीएसीएस अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेएके) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पैक्स की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

आज की बात



श्री शाजी के वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे पैक्स संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है। इस योजना का उद्देश्य पीएसीएस स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बबार्दी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को पैक्स स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।

चूंकि पैक्स ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पैक्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख पैक्स से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

देश की बात

# राहुल गांधी की सत्ता के लिए व्यग्रता और नेहरु



कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

इस बार राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। इस वाक्य को एक दूसरे प्रकार से भी कहा जा सकता है कि इस बार कुछ देशी-विदेशी शक्तियां राहुल गान्धी को आगे करके, उनकी आड़ में अपनी व्यक्तिगत या अन्य प्रकार की स्वार्थ सिद्धि प्राप्त करना चाहती थीं। इसके लिए उन सब ने मिल कर पूरा जोर भी लगाया। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी योजना या इच्छा पूरी नहीं हुई। वैसे केवल स्पष्टीकरण के लिए राहुल गान्धी को प्रधानमंत्री बनाने के पीछे देशी और विदेशी ताकतों का उद्देश्य अलग भी होता है। देशी शक्तियां या फिर वे लोग जो राहुल गान्धी को घेरे हुए हैं, उनका स्वार्थ तो ज्यादा से ज्यादा उतना ही होता है कि राहुल प्रधानमंत्री होंगे तो सत्ता में कुछ हिस्सा उनको भी नसीब होगा। इसलिए इसको व्यक्तिगत स्वार्थ ही कहा जा सकता है। लेकिन विदेशी शक्तियों का मामला दूसरा है। उन्होंने भारत में सत्ता प्राप्त नहीं करनी, लेकिन उन्हें भारत को कमजोर करना है ताकि वह विश्व राजनीति और सभ्यताओं के संघर्ष में झांकने की भी हिम्मत न करे। इसके लिए अमरीका व कनाडा सरकार पिछले कुछ दशकों से कार्यरत हैं। इन दोनों देशों में पंजाब के कुछ लोगों को भारत के खिलाफ संगठित किया जा रहा है। भारतीय दूतावासों पर हमले होते हैं। इंदिरा गान्धी के हत्यारों को महिमामंडित करते हुए सार्वजनिक झांकियां निकाली जाती हैं। भारत को तोड़े के संकल्प लिए जाते हैं। उत्तरी अमरीका की सरकारें इन सभी भारत विरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता देती हैं। उत्तरी अमरीका के इन दोनों देशों की सांस्कृतिक, मजहबी और राजनीतक पूंछ इंग्लैंड से जुड़ी रहती है, क्योंकि ब्रिटिश उपनिवेशों को संगठित करके ही इन देशों का गठन हुआ था। अपने समय में इंग्लैंड सरकार भी, देश छोड़े से पहले भारत को विभाजित करने वाली ताकतों को संगठित कर रही थी। इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना उसके मोहरे बने हुए थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार जानती थी कि कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना देश को विभाजित नहीं किया जा सकता। अन्ततः कांग्रेस इंग्लैंड के माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के चंगुल में फंस ही गई और उसने बाकायदा दिल्ली में पार्टी की विशेष बैठक बुला कर 14 जून 1947 को भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल के आसपास थी। बहुत से इतिहासकार आज भी इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं कि आखिर खान अब्दुल खान के सख्त विरोध के बावजूद नेहरु भारत विभाजन के पक्ष में कैसे खड़े हो गए? इसका उत्तर नेहरु ने स्वयं ही परोक्ष रूप से दिया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

# राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में एमएड और अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षकों को नियमित करे सरकार



प्रो. मो. तनवीर युनूस
शिक्षाविद, झारखंड

शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव और सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है, और हाल ही में लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति देश भर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सुधार का संकल्प करती है। हालांकि, झारखंड में शिक्षक शिक्षा की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में एम.एड. और 22 अंगीभूत महाविद्यालयों में बी.एड. पाठ्यक्रम पिछले 19 वर्षों से स्ववित्तपोषित योजनाओं के तहत चल रहे हैं। इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक न्यूनतम वेतन पर काम कर रहे हैं, जबकि विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क के रूप में लाखों रुपये चुकाने पड़ते हैं। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी आर्थिक रूप से कठिनाईपूर्ण है। झारखंड के विभिन्न अध्यापक शिक्षा संघ अपनी मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। हाल ही में, झारखंड राज्य बी.एड.-एम.एड. प्राध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। श्री सोरेन ने आश्वासन दिया कि सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षा विभाग खोले जाएंगे और प्राध्यापकों की नियमित किया जाएगा। लेकिन इस दिशा में अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। झारखंड की स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, मौजूदा स्ववित्तपोषित विभागों को सरकारीकरण की दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। इससे न केवल शिक्षकों को नियमित वेतन मिलेगा, बल्कि शिक्षण शुल्क में भी कमी आएगी, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक बड़ी राहत होगी। इसके साथ ही, यह कदम झारखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा और उन्हें शिक्षक बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगा। दूसरे, शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए आवश्यक भौतिक संसाधनों की व्यवस्था की जानी चाहिए। स्थायी शिक्षक और बेहतर भौतिक संसाधन एक प्रभावी शिक्षण वातावरण को सुनिश्चित करेंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। एक अच्छी शिक्षा प्रणाली केवल शिक्षण से ही नहीं, बल्कि शोध और विकास के लिए भी जरूरी है। स्थायी और प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ, झारखंड में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर गुणात्मक शोध को बढ़ावा मिलेगा, जो राज्य के विकास में सहायक होगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है। आप विश्वास करने की चाहत रख सकते हैं, यहाँ तक कि आप सोच भी सकते हैं कि आपको विश्वास है, परन्तु यदि आप वास्तव में विश्वास करते हैं, तो परिणाम तत्काल होंगे।

# ईश्वर में निष्ठा विकसित करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर में सम्पूर्ण, निर्विवाद निष्ठा तात्कालिक रोग निवारण की उच्चतम विधि है। उस निष्ठा को जाग्रत करने के लिए निरन्तर प्रयास करना मानव का उच्चतम एवं अत्यधिक लाभप्रद कर्तव्य है। ईश्वर में विश्वास और ईश्वर में निष्ठा भिन्न है। विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है। आप विश्वास करने की चाहत रख सकते हैं, यहाँ तक कि आप सोच भी सकते हैं कि आपको विश्वास है, परन्तु यदि आप वास्तव में विश्वास करते हैं, तो परिणाम तत्काल होंगे। निष्ठा का खण्डन नहीं किया जा सकताः यह सत्य का अन्तज्ञार्नात्मक दृढ विश्वास है, और इसे विरोधी तथ्यों से भी नहीं हिलाया जा सकता।... आप तो यह अनुभव भी नहीं करते कि यह महान शक्ति कितने अद्भुतपूर्ण ढंग से कार्य करती है। यह गणित की तरह काम करती है। इसके बारे में कोई 'शर्त' नहीं होती है। और निष्ठा का यही अर्थ बाइबल में हैः यह अगोचर वस्तुओं का प्रमाण है। सदा सशंयरहित विश्वास करें कि आपके विचारों, प्रार्थनाओं, और प्रबल धारणाओं के ठीक पीछे ईश्वर की शक्ति आपके भीतर आपको अनन्त शक्ति प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।... अपने भीतर हर क्षेत्र में कार्यरत उनकी कार्यशीलता को मान्यता दें और आप उन्हें सदा अपने साथ पाएँगे। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

**Rama Shankar Singh**
4h

आँखों से दिखाई नहीं देता अपने साथ गाइड को लेकर दौड़ती है फिर भी जीत ली देश के लिए सोना , शाबाश बेटी भारत की





27 · 6 comments 1 share

X से

**Ravi Prakash**
@Ravijharkhandi

कुछ देर पहले भारत वापस लौटा। कल फिर एडमिट होना है। डॉक्टर्स ने मुझे मेडिकली दुरुस्त करके US भेजा था, ताकि वहाँ कोई इमरजेंसी नहीं हो और हम सही-सलामत वापस आ गए। शुक्रिया डॉक्टर्स। इस ट्रिप के प्रायोजक, अवार्ड प्रदाता @IASLC का भी शुक्रिया।#LivingWithLungCancerStage4WithBrainMets

Translate post



Post your reply

अलग बात

# हिंदी है भारत के मस्तक का तिलक



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

सम्पूर्ण भारत में 1953 से 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई और आज इस दिवस की अधिक प्रासंगिकता क्यों उभर रही है? क्योंकि हमारे देश में दिन-प्रतिदिन हिंदी की उपेक्षा होती जा रही है। राजनीतिक कारणों से हिन्दी को विवादों एवं संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। हिंदी की राह में यूं तो कई बाधाएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी बाधा शासन में उसकी उपेक्षा और अंग्रेजीदां नौकरशाही का वर्चस्ववादी रवैया है। हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है इसलिये हिन्दी को उचित सम्मान देते हुए, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करना हिन्दी दिवस की प्राथमिकता होना ही चाहिए। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ और अपनी भाषा 'बहासा इंडोनेशिया' को राष्ट्रभाषा के रूप में लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तो तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? हिंदी की राह आजादी के बाद ज्यादा जटिल बनी है। आजादी से पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसी कारण भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के सूत्रधार महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी को ही सक्षम एवं प्रभावी मानते थे। स्वतंत्रता संग्राम के इन महानायकों ने भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। लेकिन आजाद भारत में हिन्दी की दशा एवं दिशा ज्यादा चिन्ताजनक बनी है। महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें। हिन्दी के लिये इस तरह का दर्द, संवेदना एवं अपनापन हर नागरिक में जागना जरूरी है। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

हिंदी दिवस, 14 सितबंर पर विशेष




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जेल से बाहर आए केजरीवाल नहीं जा सकेंगे सीएम कार्यालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आबकारी नीति मामले में उन्हें जमानत दे दी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइंया की पीठ ने उन्हें सर्शत जमानत दी है। मतलब साफ है कि जेल से बाहर आए सीएम केजरीवाल कोई भी बड़ा कदम नहीं उठा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 10 लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते हैं, इसके अलावा वो सरकारी फाइलों पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेंगे जब तक कि दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त करने के लिए ऐसा करना आवश्यक न हो। वह दिल्ली शराब से जुड़े मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। साथ ही किसी भी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे। उधर दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा, मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। जिंदगी में बहुत मुसीबतें झेली हैं लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया, क्योंकि मैं सच्चा था, मैं सही था इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। बता दें कि कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया था।




## सुप्रीम कोर्ट ने माना, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के इस बयान पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने हमला बोलते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल एक लापरवाह सरकार के लापरवाह सीएम हैं। बांसुरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है, वो बरी नहीं हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई मामले में यह पाया कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध थी। इसका मतलब यह है कि जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत और पर्याप्त सामग्री थी, जिससे यह निष्कर्ष निकला कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना उचित था। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बांसुरी स्वराज ने कहा कि अगर जमानत की शर्तों को देखा जाए तो अरविंद केजरीवाल को किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करने और सीएम कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## एक बार फिर सत्य की हुई जीत : आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट की सीबीआई पर तल्ख टिप्पणी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम बार-बार कह रहे थे कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और कोर्ट ने उस पर मुहर लगा दी है। जितने मामले अंडर ट्रायल हैं, उनमें एक को छोड़कर बाकी सबको जमानत मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि हम लोग दो साल से लगातार जो कह रहे थे, लगभग वही बातें सुप्रीम कोर्ट ने कहीं हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

### स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 की मौत

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद की घोषणा



**एजेंसी। कोलकाता**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म व हत्या के विरोध में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों पर राज्य सरकार ने दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के आश्रित को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ममता ने एक्स पोस्ट में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 लोगों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य को बेशकीमती जानों का नुकसान हुआ है। यह दुखद घटना लंबे समय से चल रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार मृतकों के परिजनों की मदद के लिए दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

## आरजी कर मामला: सीबीआई ने संजय रॉय की नार्को जांच की अनुमति मांगी

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता की एक विशेष अदालत से पिछले महीने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के आरोपी संजय रॉय की नार्को जांच करने की अनुमति मांगी है। उसका पॉलीग्राफ टेस्ट पहले ही किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अब पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट का नार्को-एनालिसिस रिपोर्ट से मिलान करना चाहती है, बशर्ते इसके लिए उन्हें अदालत की अनुमति मिल जाए। पॉलीग्राफ परीक्षण और नार्को एनालिसिस के बीच एक बुनियादी अंतर है। पॉलीग्राफ परीक्षण व्यक्ति के रक्तचाप, नाड़ी और श्वसन जैसी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापता है। इसका आधार यह है कि जब कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा होता है तो उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाएं अलग होती हैं। दूसरी ओर, नार्को एनालिसिस में पूछताछ करने वाले व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल का इंजेक्शन दिया जाता है, जिसे आम तौर पर "सत्य औषधि" या "ट्रूथ सीरम" कहा जाता है, जो संबंधित व्यक्ति को सम्मोहन अर्ध चेतना की अवस्था में डाल देता है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसमें व्यक्ति केवल सच ही बोलता है। कोई भी परीक्षण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जा सकता जिस पर वे किए जा रहे हैं। सीबीआई अधिकारियों ने बुधवार शाम को रॉय के दांतों के निशान एकत्र किए थे। सूत्रों ने बताया कि बलात्कार या बलात्कार और हत्या के मामलों में किसी भी जांच के मामले में आरोपी के दांतों के निशान को अक्सर महत्वपूर्ण सबूत माना जाता है; और चूंकि रॉय इस मामले में अब तक गिरफ्तार एकमात्र आरोपी है, इसलिए जरूरी कार्रवाई की गई है।

# मिथुन नाई को राहुल गांधी ने भेजा स्पेशल गिफ्ट




**एजेंसी। रायबरेली**

रायबरेली में मिथुन (नाई) सैलून चलाते हैं। परिवार में चार भाई-तीन बहन और माता-पिता हैं। मिथुन का कहना है कि एक वक्त था, जब उनके सैलून पर सीमित कस्टमर ही आते थे, लेकिन, अब तीन गुना ज्यादा कस्टमर आते हैं। यह सब राहुल गांधी की वजह से हुआ है। दरअसल, रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान मिथुन (नाई) की सैलून में दाढ़ी और बाल कटवाए थे। अब राहुल गांधी ने मिथुन के लिए खास तोहफा भी भेजा है। इसमें एक शैंपू चेयर, दो हेयर कटिंग चेयर व एक इनवर्टर बैटरी शामिल है। राहुल की ओर से मिले इन खास गिफ्ट से मिथुन खुश हैं। मिथुन ने कहा, अब तक हम सैलून में बैठे हैं, नहीं तो पहले इस समय घर चले जाते थे। जब से राहुल गांधी हमारी सैलून की दुकान में बाल और दाढ़ी कटवा कर गए हैं, तब से काम में काफी बढ़ोतरी हुई है, करीब तीन गुना काम बढ़ गया है। राहुल गांधी हमारी छोटी सी सैलून में आएंगे, हमने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। उनके आने से हमें बहुत खुशी हुई थी। हालांकि, उनके आने से ऐसा लगा कि मैं सपना देख रहा हूं, लेकिन, वह हकीकत था। लालगंज में सैलून साल 2021 में शुरू किया था। इसके बाद सैलून को बृजेंद्र नगर लेकर आए थे।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से 8 लोगों की मौत, 2 लापता

**गांधीनगर।** जिले की देहगाम तहसील के वासणा सोगठी गांव के पास मेश्वो नदी में शुक्रवार को गणपति विसर्जन के दौरान 10 लोग डूब गए। इनमें 8 लोगों का शव बरामद किया गया है। बाकी 2 लोगों की तलाश जारी है। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 8 शवों को पोस्टमार्टम के लिए निकटवर्ती अस्पताल में ले जाया गया है। पिछले 6 दिन के दौरान गणपति विसर्जन के दौरान डूबने की यह चौथी घटना है, जिसमें अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को पाटण में 4, नडियाद में 2 और जूनागढ़ में एक युवक की मौत हो गयी थी। वासणा सोगठी गांव के समीप मेश्वो नदी में गणपति प्रतिमा का विसर्जन करने लोग गए थे। इसी दौरान 10 लोग पानी में डूबने लगा। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय तैराकों समेत फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गयी है।

# तमिल व्यापारी की सीतारमण से माफी का वीडियो वायरल, कांग्रेस हमलावर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु के एक व्यापारी के बीच हुई निजी चर्चा सुर्खियों में है। इस निजी चर्चा को एक भाजपा कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया। इसी मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस हमलावर है और वित्तमंत्री से माफी की मांग कर रही है। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ता की ओर से माफी मांगी है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित एक कार्यक्रम में अन्नपूर्णा भोजनालय के निदेशक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से जीएसटी से संबंधित परेशानियों को उठाया था। उन्होंने खाद्य वस्तुओं के विभिन्न अवस्थाओं पर लगने वाले अलग-अलग जीएसटी को परेशानियों का कारण बताया था। बाद में श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से अलग से निजी मुलाकात की और अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी। इसी को भाजपा के एक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में साझा किया जो वायरल हो रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ता के व्यवहार पर क्षमा मांगी है। उन्होंने कहा कि वे अपने पदाधिकारी के कार्यों के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं जिन्होंने एक सम्मानित व्यवसायी और वित्त मंत्री के बीच निजी बातचीत को साझा किया। इस अनपेक्षित उल्लंघन के लिए खेद व्यक्त करने के लिए उन्होंने रेस्तरां अन्नपूर्णा श्रृंखला के मालिक श्रीनिवासन से बात की। श्रीनिवासन तमिलनाडु के व्यापारिक समुदाय का स्तंभ हैं, जो राज्य और देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे सभी से इस मामले को उचित सम्मान के साथ शांत करने का अनुरोध किया। दूसरी ओर कांग्रेस और द्रमुक ने इसे तमिलनाडु के व्यापारियों के सम्मान का विषय बनाते हुए राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस विषय को उठाया है। पार्टी ने इस विषय पर पत्रकार वार्ता भी की है। राहुल ने कहा कि कोयंबटूर में अन्नपूर्णा रेस्तरां जैसे छोटे व्यवसाय का मालिक हमारे लोकसेवकों से सरलीकृत जीएसटी व्यवस्था की मांग करता है तो उसके अनुरोध पर अहंकार भरा व्यवहार किया जाता है।

# जेल में बंद सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी अटैच

**एजेंसी। रायपुर (छत्तीसगढ़)**



छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा की विवादास्पद अधिकारी सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी को अटैच कर दिया है। बताया जा रहा है कि अटैच की गई संपत्तियों में सौम्या चौरसिया का भिलाई स्थित सूर्या अपार्टमेंट का निवास भी है। ये बेनामी संपत्ति के तौर पर अटैच की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार अटैच की गई प्रॉपर्टी में रियल एस्टेट प्रॉपर्टीज, बैंकों में जमा राशि शामिल हैं। पिछली कांग्रेस की सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सरकार की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। ईडी की जांच में सामने आया था कि सौम्या चौरसिया ने कोयला घोटाले के जरिए अवैध तरीके से प्रॉपर्टी बनाई थी। ईडी ने कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपये की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। छत्तीसगढ़ की राजनीति और नौकरशाही में पिछले सालों में सौम्या चौरसिया, सबसे चर्चित नाम रहा है। मंत्री-विधायक और अफसरों से जुड़े हर छोटे-बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णयों को सौम्या चौरसिया से जोड़ा जाता रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसाइटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# नौसेना ने लगातार दूसरे दिन दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज मिसाइलें


**एजेंसी। नई दिल्ली**

▸ भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे- कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया। दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने समुद्र से आने वाले हवाई खतरे की नकल करते हुए उच्च गति वाले कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई इस मिसाइल को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है।

# गांधीनगर में चौथे रि-इन्वेस्ट मीट का पीएम 16 को करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। अहमदाबाद**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रीय नवीन व नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित चौथे रि-इन्वेस्ट ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी मीट एंड एक्सपो (रि-इन्वेस्ट) का 16 सितंबर को उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन व नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा वित्त एवं ऊर्जा मंत्री कनुभाई देसाई उपस्थित रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इस समिट में 40 से अधिक सत्र, 5 प्लेनरी चचाएं और 115 से अधिक बिजनेस टु बिजनेस (बीटुबी) मीटिंग्स का आयोजन होगा। इनमें 140 देशों के 25,000 प्रतिनिधि व 200 से अधिक वक्ता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के सहयोगी देश हैं ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी तथा नॉर्वे, जबकि सहयोगी राज्यों में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं तेलंगाना शामिल हैं। इसके अलावा; यह कार्यक्रम भारत तथा विश्वभर के अग्रणी वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, स्टार्टअप्स एवं रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को एक मंच पर लाएगा। 17 सितंबर को गुजरात के ऊर्जा मंत्री कनुभाई देसाई रि-इन्वेस्ट 2024 समिट में मुख्य वक्तव्य देंगे। वे भारत के रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में गुजरात के नेतृत्व पर बल देंगे।

# प्रधानमंत्री डोडा में आज चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर का चुनावी दौरा करेंगे। विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद केंद्र शासित प्रदेश में उनका पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री मोदी डोडा जिले में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जहां 18 सितंबर को चिनाब घाटी के तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में भी 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होने जा रहा है।

# ज्ञानवापी मामले में तहखाने की छत पर नमाज रोकने से अदालत का इनकार

**वाराणसी।** वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मामले में शुक्रवार को हिंदू पक्ष की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें यह मांग की गई थी कि व्यास जी तहखाने की छत पर मुस्लिमों के नमाज अता करने पर रोक लगाई जाए। हिंदू पक्षकारों ने कमजोर छत को अपनी मांग की वजह बताते हुए तर्क दिया था कि छत किसी भी वक्त क्षतिग्रस्त हो सकती है। व्यास जी के तहखाने में हिंदू जहां पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं मुस्लिम पक्ष उसकी छत पर नमाज अता करता है। ऐसे में यह जगह दोनों ही समुदायों के लिए आस्था के साथ-साथ कानूनी लड़ाई का भी अखाड़ा बन गया है। सिविल जज हितेश अग्रवाल की अदालत द्वारा याचिका खारिज करने पर हिंदू पक्ष ने निराशा जाहिर की। उसने अदालत से कहा कि याचिका तो खारिज कर दी गई।

# राजभाषा हीरक जयंती में डाक टिकट और सिक्का जारी किया जाएगा

▸ अमित शाह अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**एजेंसी। नई दिल्ली**






केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह एवं चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14-15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित कर रहा है। राजभाषा हीरक जयंती के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री राजभाषा भारती पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का विमोचन करेंगे। हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए अमित शाह एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही कुछ और पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री भारतीय भाषा अनुभाग का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार हिंदी और भारतीय भाषाओं के विकास तथा उनके बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते रहे हैं। संविधान की मंशा और प्रधानमंत्री के निर्देश को ध्यान में रखते हुए हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने और उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। दो दिवसीय चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में पिछले 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति पर गहन चर्चा होगी। सम्मेलन के पहले दिन 14 सितंबर को भोजनोपरांत सत्र में 'राजभाषा हीरक जयंती - 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति' पर चर्चा होगी। जबकि दूसरा सत्र 'भारत की सांस्कृतिक विरासत और हिंदी' होगा, जिसे लोकप्रिय हिंदी कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास संबोधित करेंगे। 15 सितंबर को सम्मेलन के तीसरे सत्र में देश के प्रसिद्ध भाषाविद् और कोशकार 'भाषा शिक्षण में शब्दकोष की भूमिका और देवनागरी लिपि की विशेषता' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

# स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया : चंपत राय

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय और योगगुरु स्वामी रामदेव ने शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय युवा धर्म संसद का शुभारंभ किया। युवा धर्म संसद के पहले दिन वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्र भावना को सर्वोपरि रखते हुए जीवन में आगे बढ़ें। शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को लक्ष्य कर सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित युवा धर्म संसद में देश के 24 राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री तथा विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस वक्त स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया था।

# कुमारस्वामी ने हिंसा प्रभावित मांड्या का दौरा

**मांड्या (कर्नाटक)।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को मांड्या जिले के नागमंगला कस्बे के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया, जहां गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक जुलूस पर हमला हुआ था और झड़पें हुई थीं। गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान बुधवार रात शहर में हिंसा और दंगे हुए। जनता दल (एस) कुमारस्वामी ने आग में जली दुकानों और शोरूम का दौरा किया और गिरफ्तार लोगों के परिवारों से भी बात की। दौरे के बाद नागमंगला में पत्रकारों से बात करते हुए कुमारस्वामी ने आशंका जताई कि हो सकता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पद से हटाने के लिए हिंसक घटना की साजिश रची गई हो। उन्होंने याद दिलाया कि जब दिवंगत मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल सत्ता में थे, तब कांग्रेस नेताओं ने रामनगर और चन्नपटना शहरों में सांप्रदायिक हिंसा की साजिश रची थी।

# सबके लिए पीएम मतलब प्रधानमंत्री हमारे लिए 'परम मित्र'



योगेश कथुनिया

## प्रदर्शन में निरंतरता टॉप्स और खेलो इंडिया के कारण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नई उपाधि दी, पीएम के आवास पर बातचीत के दौरान उन्हें परम मित्र कहा। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने हाल ही में संपन्न पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो - एफ56 स्पर्धा में 42.22 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत पदक जीता। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने आवास पर भारत के पैरालंपियनों से मुलाकात की और उन्हें पेरिस पैरालंपिक खेलों में 29 पदकों के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी और पैरा-एथलीटों से अपने पैरालंपिक अनुभव साझा करने के लिए कहा। कथुनिया ने पीएम मोदी से कहा, (प्रदर्शन में) निरंतरता आपकी वजह से आई है, यह आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं जैसे कि टॉप्स, खेलो इंडिया आदि की वजह से आई है। सबके लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री होता है लेकिन हमारे लिए आप हमारे 'परम मित्र' हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, मुझे इस पद पर गर्व है और मैं भी आप सभी के साथ 'मित्र' के तौर पर काम करना चाहता हूं।

### कोच सत्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया साथी कोचों को लगा कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं : सत्यपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर बातचीत करते हुए, भारतीय पैरा-एथलेटिक्स कोच सत्यपाल सिंह ने खुलासा किया है कि एक समय था जब नेहरू स्टेडियम के कोचों को लगा कि मैं पैरा एथलीटों को प्रशिक्षित करने में समय बर्बाद कर रहा हूं। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सत्यपाल ने कहा, मैंने इस क्षेत्र में कड़ी मेहनत की है और मैं बहुत खुश हूं। आने वाले समय में मैं आपसे वादा करता हूं कि हम 29 पदकों पर नहीं रुकेंगे, बल्कि इतनी मेहनत करेंगे कि हम 50 पदक जीतेंगे। सिंह ने पीएम मोदी से कहा, 2005-06 में मैंने पैरा-एथलीटों को प्रशिक्षण देना शुरू किया तो मेरे साथी कोचों को लगता था कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं। आज, वही कोच जो मेरी आलोचना करते थे, अब पैरा-एथलीटों को प्रशिक्षण देना चाहते हैं।''

## जब गोल्ड मेडलिस्ट के लिए जमीन पर बैठे मोदी



नवदीप ने पीएम को भेंट की टोपी

भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक टोपी भेंट की। नवदीप ने धीरे से पीएम मोदी के सिर पर टोपी पहनाई और पीएम मोदी जमीन पर नीचे बैठ गए। उन्होंने पीएम मोदी से अपनी जैकेट के बाएं हिस्से पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा, पीएम मोदी ने नवदीप के बाएं हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। पीएम मोदी ने नवदीप से उनकी जीत के बाद वायरल हुए वीडियो के बारे में भी पूछा।






# सीनियर एक्वाटिक चैंपियनशिप का खिताब फिर कर्नाटक के पास

एजेंसी

**मंगलौर।** 77वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप 2024 का आखिरी दिन बहुत ही रोमांचक रहा, जिसमें कर्नाटक ने फिर से चैंपियन का खिताब जीता। कर्नाटक ने 17 गोल्ड, 12 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर खिताब अपने नाम किया। महाराष्ट्र ने 6 गोल्ड, 4 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा को पुरुषों की श्रेणी में व्यक्तिगत चैंपियन घोषित किया गया, जिन्होंने 4 गोल्ड मेडल जीते। वहीं, महिलाओं की श्रेणी में कर्नाटक की हाशिका रामचंद्रा ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कर्नाटक के लिए सबसे बड़ी खुशी तब आई जब पुरुषों की 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में उन्होंने नया रिकॉर्ड बनाया। पृथ्वी एम, कार्तिकेयन नायर, आकाश मणि और श्रीहरी नटराज ने 3:28.09 समय दर्ज कर 2023 में बनाए गए 3:28.16 के रिकॉर्ड को तोड़ा। सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के उन्नीकृष्णन एस, विकास प्रभाकर, विनायक विजय और आनंद एएस ने 3:28.93 समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

महिलाओं की 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की शिवांगी शर्मा, आस्था चौधरी, कन्या नय्यर और अवंतिका सुधीर चव्हाण ने महाराष्ट्र के 2023 में बनाए 4:02.24 के रिकॉर्ड को 4:01.83 समय के साथ तोड़ा। कर्नाटक की शिरीन, विहिता नयना लोगनाथन, शालिनी आर दीक्षित और हाशिका रामचंद्रा 4:02.62 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले में कर्नाटक की थन्या शदाक्षर ने शुरुआती 100 मीटर बटरफ्लाई में बढ़त बनाई, लेकिन महाराष्ट्र की सान्वी देशवाल ने अगले 100 मीटर बैकस्ट्रोक में उन्हें पीछे छोड़ दिया।



### धुलिपुडी वार्षिथ और युग चेलानी के बीच जोरदार मुकाबला

एसएससीबी के विनायक विजय ने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले के पहले 100 मीटर बटरफ्लाई में बढ़त बनाई। उनके साथ तेलंगाना के धुलिपुडी वार्षिथ और राजस्थान के युग चेलानी थे। अगले 100 मीटर बैकस्ट्रोक में धुलिपुडी और युग ने विनायक को पीछे छोड़ दिया, लेकिन ब्रेस्टस्ट्रोक में विनायक ने फिर से बढ़त पाने की कोशिश की। अंतिम 100 मीटर फ्रीस्टाइल में युग चेलानी और आंध्र प्रदेश के मोंगम थीरधु समदेव ने बाजी पलटते हुए क्रमशः 4:36.39 और 4:36.44 समय के साथ पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा किया। महिलाओं की 200 मीटर बैकस्ट्रोक में ओडिशा की प्रत्यासा रे ने शुरुआती 50 मीटर में बढ़त बनाई, लेकिन बंगाल की सौब्रिटी मंडल ने अपनी रफ्तार बढ़ाई और पहले स्थान पर 2:21.76 समय के साथ रेस पूरी की, जबकि प्रत्यासा 2:24.29 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक में तमिलनाडु के नितिक नथेला और महाराष्ट्र के ऋषभ अनुपम दास के बीच कड़ी टक्कर रही।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबले के लिए भारतीय हॉकी टीम तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में 14 सितंबर को चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। जहां शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत टेबल टॉपर के रूप में मैच में उतरेगा, वहीं अम्माद बट के नेतृत्व वाला पाकिस्तान अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के रूप में भारत से भिड़ेगा। गत चैंपियन ने टूर्नामेंट को पसंदीदा के रूप में खेला है और प्रत्येक मैच जीता है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से हराया, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से हराया और पिछले मैच में कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान इस अभियान में लचीला रहा है।



हॉकी के दिग्गज ताहिर जमान के सतर्क मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''मैं अपने जूनियर दिनों से ही पाकिस्तान टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं और हमारा उनके साथ एक विशेष रिश्ता है। वे मेरे भाई जैसे हैं. बेशक, मैदान पर हम मैच के बारे में वैसे ही सोचेंगे जैसे हम किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।'' हरमनप्रीत ने कहा, विश्व हॉकी में, दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता अद्वितीय है और मुझे यकीन है कि दुनिया भर के प्रशंसक भारत-पाकिस्तान मैच का इंतजार कर रहे होंगे।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में भारत को मिला टियर 1 देशों में स्थान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत को ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स (जीसीआई) में टियर 1 देशों में जगह मिली है। इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) द्वारा इसे जारी किया जाता है। 'जीसीआई 2024' ने इस बार पांच टियर एनालिसिस का उपयोग की है। इसमें विभिन्न देशों द्वारा साइबर सिक्योरिटी में की गई प्रगति को ट्रैक किया जाता है। इस रिपोर्ट में सबसे उच्च श्रेणी टियर 1 में 46 देशों को जगह दी गई है। इन देशों को "रोल मॉडलिंग" नाम दिया गया है, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के सभी अहम पहलुओं पर मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में बताया गया कि भारत ने कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन जैसे उपायों में अच्छा प्रदर्शन किया है। संस्थागत उपाय में और विकास की संभावना है। डेवलपमेंट ब्यूरो को डायरेक्टर कॉसमस लकीसन जवाजावा ने कहा कि ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में शामिल देशों ने साइबर सुरक्षा के जरूरी एरिया जैसे कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन फ्रेमवर्क में काफी अच्छा काम किया है। इससे हादसों का रिस्पॉन्स देने की क्षमता में विस्तार हुआ है। जवाजावा ने आगे कहा कि आईटीयू के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट्स और प्रोग्राम देशों की साइबर खतरों को मैनेज करने में मदद कर रहे हैं। रिपोर्ट में बड़े खतरों के बारे में भी बताया गया है, जिसमें सरकारी सेवाओं और अन्य सेक्टर को टारगेट करने वाले रैनसमवेयर अटैक, कोर इंडस्ट्रीज को प्रभावित लोगों की निजता पर होने वाले साइबर हमले आदि शामिल हैं।



177 देशों में दुनिया के निजी डेटा की सुरक्षा, डेटा चोरी होने आदि को लेकर कोई न कोई नियम बना हुआ है इसे बनाने का प्रोसेस शुरू हो चुका

# निर्यात बढ़ाने के लिए फोर्ड भारत में करेगी वापसी तीन हजार लोगों को देगी नौकरी

**चेन्नई ।** अमेरिकी वाहन निर्माता फोर्ड मोटर भारत में वापसी कर रही है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कंपनी चेन्नई में अपने विनिर्माण संयंत्र को फिर से चालू करेगी। साथ ही 2,500-3,000 अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती भी करेगी। शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। फोर्ड इंटरनेशनल मार्केट्स ग्रुप की अध्यक्ष के हार्ट ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य "भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है क्योंकि हम नये वैश्विक बाजारों के लिए तमिलनाडु में उपलब्ध विनिर्माण विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा कि कंपनी ने "निर्यात के उद्देश्य से विनिर्माण के लिए हमारे चेन्नई संयंत्र के उपयोग को रेखांकित करते हुए भारत में तमिलनाडु सरकार को" लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा है। तमिलनाडु सरकार के साथ कंपनी के शीर्ष अधिकारियों की कई दौर की बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। फोर्ड मोटर ने बेहद प्रतिस्पर्धात्मक घरेलू वाहन बाजार में कम बिक्री और नुकसान के कारण साल 2021 में अपना परिचालन बंद कर दिया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा था कि उन्होंने फोर्ड मोटर की टीम के साथ बहुत ही दिलचस्प चर्चा की। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु के साथ फोर्ड की तीन दशक पुरानी साझेदारी को पुनर्जीवित करने की व्यवहार्यता का पता लगाया, ताकि दुनिया के लिए तमिलनाडु में फिर से निर्माण किया जा सके।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 को गढ़वा लातेहार में

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 19 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गढ़वा व लातेहार का संयुक्त एक दिवसीय कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार गढ़वा में प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल संचालन व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में कहा कि योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और शत-प्रतिशत लाभुकों को उक्त योजनाओं के तहत आच्छादित करें। साथ ही सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति के साथ करें, ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उपायुक्त ने लाभुकों के बीच वितरित किए जाने वाले परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जाति आवास, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती, साड़ी लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं के तहत प्रखंड वार शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों व अब तक निष्पादित किए गए आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने व योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को लाभ देने के संबंध में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है उनमें सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि उन सभी योजनाओं में शत प्रतिशत योग्य लाभुक योजना का लाभ लें। इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकार की सभी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनि टोपनो, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम, खरछ्ढर एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।




### जिला परिषद की भूमि का सीमाकंन कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**भवनाथपुर।** झारखंड जिला परिषद सदस्य महासभा के संस्थापक सह भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा को पत्र लिखकर गढ़वा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि को स्थानीय व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने के मामले में यथाशीघ्र सीमांकन कराते हुए हो रहे अतिक्रमण से बचने की निवेदन की है।

### शिविर में सबसे अधिक अबुवा आवास का आवेदन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत खुरी पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, प्रमुख सुनैना देवी, पंचायत के मुखिया समुद्री देवी झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।

### मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का पूर्ण गठन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूर्णगठन हेतु विद्यालय प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया। आम सभा में उपस्थित अभिभावक के आपसी सौहार्द्र के माहौल में 12 सदस्य समिति का गठन किया गया। प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मुबारक खलीफा, उपाध्यक्ष रिंकी देवी एवं संयोजका सुषमा देवी को चयन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति का पूर्णगठन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में बीआरपी श्रीकांत चौबे देखरेख में संपन्न हुआ।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री जमशेदपुर से...

साथ ही 21 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर में उनका आधे घंटे का रोड-शो होगा। रोड शो करते हुए प्रधानमंत्री गोपाल मैदान पहुंचेंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:45 बजे रांची लौटेंगे। इसके बाद अहमदाबाद चले जायेंगे। जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर आतंकवाद निरोधी दस्ते की हीट टीम के अलावा 3000 से अधिक पुलिस अफसरों और जवानों की तैनाती की गयी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों और प्रशिक्षण केंद्र से 115 इंस्पेक्टर, 650 सब इंस्पेक्टर और एएसआई, 2550 पुरुष लाठी बल, 250 महिला लाठी बल, 250 सशस्त्र बल, यातायात व्यवस्था के लिए 100 अतिरिक्त जवान, बीडीडीएस की दो टीम, आतंकवाद निरोधी दस्ता की तीन हीट टीम, टीयर गैस की दो टीम और दो कंपनी रैप की तैनाती की गयी है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी द्वारा प्रोटोकॉल तथा सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए सीनियर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है।

### श्री रामलला पूजा...

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि अब ये पूजा पंडाल बनकर रहेगा। उन्होंने कहा कि बीच शहर में बनने वाले पूजा पंडालों में बहुत भीड़ होती है। इसे देखते हुए शहर के किनारे इस पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पुलिस ने ऊपर का आदेश कह कर पंडाल का निर्माण रोक दिया है। ये ऊपर से आदेश किसका है। सिर्फ तुष्टिकरण के लिए ऐसा किया जा रहा है। कुणाल आजमानी ने बताया कि श्री रामलला पूजा समिति के सदस्यों ने इस मुद्दे पर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी से मुलाकात की, तो उन्होने कहा कि बिना परमिशन के पंडाल का निर्माण हो रहा था, जिस कारण उसे रोक दिया गया।

### आपके दरवाजे पर...

200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल भी माफ : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आज आपको 200 बिजली फ्री दे रही है, वहीं बकाया बिजली बिल को माफ करने का भी निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। इसका फायदा इस राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को रहा है। हमारी कोशिश राज्य की जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत और सुविधा देना है ताकि वे प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकें।

## महासभा का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति और भाषा की रक्षा करना है: मिंज

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़ ।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा केंद्रीय कमिटी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय अध्यक्ष जे. पी. मिंज ने कहा कि अखिल भारतीय आदिवासी महासभा एक सामाजिक संगठन है। इसका मुख्य उदेश्य आदिवासी सभ्यता संस्कृति भाषा एवं दर्शन की रक्षा करना, आदिवासियों के मुख्य समस्याओं को दूर करने के लिये संघर्ष करना तथा चुनाव के समय आदिवसियों को उचित दिशा- निर्देश देना हैं। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के संविधान के अनुसार चुनाव में सीधी भागीदारी अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का कतई नहीं हैं। किन्तु हाल के दिनों में अखिल भारतीय आदिवासी महा सभा के कुछ वरिष्ठ सदस्य केंद्रीय कमिटी के निर्णय एवं महासभा के संविधान का उल्लंघन करते हुए चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं तथा वे विभिन्न प्रखंडो में जा कर अपनी पार्टी का कमिटी गठन कर रहे हैं । अतः हम आदिवासियों को सचेत करना चाहते हैं कि वे इस तरह के नयी पार्टियों के षडंयंत्र का शिकार न हों। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव फिलिप कुजूर ने कहा कि संविधान के अनुसार अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का कोई भी सदस्य अपने नाम के साथ अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का नाम लगा कर चुनाव नहीं लड़ सकता है। ऐसा करना महासभा के संविधान के खिलाफ होगा ,अगर महासभा का कोई सदस्य चुनाव लड़ना चाहता है तो वह अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के सदस्यता से इस्तीफा देकर ही चुनाव लड़ सकता हैं।

### लाभुकों का आरोप, दो तराजू से होता है खाद्यान्न वितरण

## जांच कर की जाएगी नियम संगत कार्रवाई : डीएसओ

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई ।** डंडई पंचायत में खाद्यान्न वितरण में अजीबो गजब का हाल देखा जा रहा है । पंचायत के कुछ जन वितरण दुकानदारों के द्वारा सरकारी मानक के अनुसार बिना कटौती के लाभुको के बीच खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है तो कुछ दुकानदारों के द्वारा बेबाक रूप में उनके आहार में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कठौती कर ली जा रही है । वहीं विरोध करने के बाद भी उक्त दुकानदारों के ऊपर उसका कोई असर नहीं पड़ रहा है । लाभुक नसीरूद्दीन अंसारी, इस्लामुद्दीन अंसारी,छठु प्रजापति, कासिम अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों को प्रति किलो 100 ग्राम कटौती कर दुकानदार के द्वारा प्रत्येक माह खाद्यान्न दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सितंबर महीना ही नहीं दुकानदार के द्वारा जब भी हम लोगों को खाद्यान्न दिया गया है उसमें प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ही ली गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्यान्न कटौती का हम सभी काफी विरोध भी करते हैं, लेकिन उसका असर उन पर तनिक भी नहीं पड़ता है । यहां तक की उसकी शिकायत हम सभी विभागीय पदाधिकारियो के साथ-साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों के पास भी करते हैं, लेकिन उनमें कोई भी दुकानदार के दुकान पर आना मुनासिब नहीं समझते हैं । नतीजन हम लोगों को दुकानदार के अनुसार ही 100 ग्राम प्रति किलो कटौती करा कर खाद्यान्न लेना पड़ता है । लाभुको ने बताया कि दुकानदार के द्वारा सिर्फ सरकारी तराजू ही नहीं, बल्कि एक अपना तराजू यानी कुल दो तराजू के माध्यम हम लोगों को खाद्यान्न देने का काम किया जाता है। लाभुकों ने कहा कि सरकारी तराजू से टैग ईपोश मशीन में शुरूआती दौर में हम लोगों का अंगूठा लगाया जाता है, उसके बाद अपना निजी तराजू पर तौलकर हम लोगों को उनके द्वारा प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर खाद्यान्न देने का काम किया जाता है। लाभुकों ने राशन कार्ड के संख्या का उदाहरण देते हुए बताया कि कार्ड में पांच व्यक्तियों का नाम है तो उसके अनुसार 25 किलो खाद्यान्न मिलना चाहिए, लेकिन उसमें ढाई किलो की कटौती कर मात्र 22.500 ग्राम ही दुकानदार के द्वारा खाद्यान्न दिया जाता है जो लगभग सप्ताह दिन का खुराक छिन जाता है। मामले में पूछने पर डीएसओ रामगोपाल पांडे ने कहा कि जांच कर वैसे जन वितरण दुकानदारों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।



## करमा पूजा को लेकर विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**महुआडांड़।** नेतरहाट में शनिवार को कर्मा पूजा महोत्सव मनाया जा रहा है। करमा पूजा के विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नेतरहाट थाना प्रभारी अरविंद हेरेंज ने भ्रमण कर जायजा लिया। शुक्रवार को कर्मा पूजा करने वाली ग्रामीण महिलाओं को थाना प्रभारी अरविंद हेरेंज द्वारा साड़ी और वस्त्र दिया गया। साथ कर्मा पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मानने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा पर्व आपसी सहयोग के साथ मनाना है। मौके पर नेतरहाट के पूर्व पंसस अजय प्रसाद, राजू यादव, मुकेश किसान, तेजनारायण किसान, दीपक कुमार एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### युवक को हाइवा ने रौंदा, मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी गांव के समीप शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक सवार युवक चंदवा से बालुमाथ कि ओर जा रहा था, इसी क्रम में हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव व वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## निःशुल्क आंख जांच शिविर 176 ग्रामीणों को मिला चश्मा



नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** गारू पूर्वी वन क्षेत्र के अंतर्गत कबरी सामुदायिक भवन में वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे के तत्वावधान में सेसा संस्था द्वारा निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों की आंखों की निशुल्क जांच की कर जिन्हें जरूरत थी, उन्हें मौके पर ही चश्मा वितरित किया गया। शिविर में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमृत ने निःशुल्क अपनी सेवाएं दी। कुल 176 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें कई मरीजों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं। डॉक्टरों ने उनकी आंखों का सावधानी पूर्वक परीक्षण कर उन्हें तत्काल मौके पर ही चश्म प्रदान किया। मौके पर सेसा के सचिव सतीश कौशिक, अध्यक्ष डॉ. जसवीर बग्गा को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। मौके पर वनरक्षी रोहित कुमार समेत कई स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### फर्जी एप से धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**विशुनपुरा ।** थाना ने फर्जी फोन पे ऐप की मदद से लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो युवक आयुष दुबे, उम्र करीब-20 वर्ष,पता-सूर्य मंदिर,पानी टंकी और हर्षित कुमार तिवारी, उम्र-करीब 19 वर्ष, पता-हरिनामाड़, दोनों थाना- चैनपुर, जिला-पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी सीएसपी से नगद और दुकानों से सामान खरीद कर क्यूआर कोड स्कैन करता और फिर फर्जी ट्रांजैक्शन कर दुकानदारों से फर्जीवाड़ा करते थे। जानकारी के अनुसार 12 सितंबर दिन गुरुवार को आरोपी लड़को ने सीएसपी, दुकानदार के क्यूआर कोड स्कैन किया और फर्जी ट्रांजैक्शन कर रसीद दिखाकर धोखाधड़ी की। दुकानदार की शिकायत पर विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने तुरन्त संज्ञान में लेते हुए दोनों युवकों को पकड़ कर पूछताछ की।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–मंगल कुमार सिंह, उम्र–31 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 6 ईंच, पहनावा–चेक कमीज एवं नीला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति मंगल कुमार सिंह, उम्र–31 वर्ष, मालकेश्वर सिंह, मनहरी, पेस्ट–अमझर, थाना–मयुरहण्ड, जिला–चतरा जो दिनांक–08.06.2024 को रॉची रेलवे स्टेशन से कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं है। जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा संख्या 20/2024 दिनांक–15.06.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इस की सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर, रॉची। –9431706139
थाना प्रभारी चुटिया, रॉची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 335773 Police(24-25)#D

## भारतीय किसान संघ का जिला कमेटी गठित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय किसान संघ का जिला सम्मेलन मानस भवन में संपन्न हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह मौजूद थे। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान तभी होगा जब किसान संगठित होंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रदेश मंत्री मनधिरण महतो ने कहा कि आज समय आ गया है कि सभी किसानों को संगठित हो। संगठन एक बैनर तले कार्य करने से एक दूसरे को मजबूती मिलेगी। किसानों के बारे में केवल बात की जाती है, उनके लिए कुछ नहीं किया जाता। यह संगठन किसानों के हित के लिए कार्य करती है। मौके पर संगठन मंत्री आचल ने संगठनात्मक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी समस्या का निजात तभी मिल सकता है जब किसान संगठित होंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला महामंत्री बबन मांझी ने कहा कि जिले में किसानों को कई समस्याएं हैं। इसके समाधान के लिए सभी को मिलकर एक योजना के तहत कार्य करना होगा, तभी किसान खुशहाल हो पाएंगे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रजगृह व मतगणना केंद्र का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**लातेहार।** आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज,लातेहार स्थित ब्रजगृह व मतगणना केंद्र बनाये जाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मुलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को बज्रगृह सह मतगणना केंद्र नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

**प्रदर्शन**

### कॉलेजकर्मी लंबित मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से दे रहे धरना

## पूर्व मंत्री ने धरने पर बैठे शिक्षकों से की बातचीत, कहा - न्याय होगा

- शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज महदेईया में शासी निकाय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव और कालेज कर्मियों के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कॉलेज के कर्मियों ने अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से कॉलेज गेट पर धरना दे रहे हैं। वहीं, शासी निकाय के सचिव शिक्षकेतर कर्मियों को बेवजह बदनाम करने का आरोप लगा रहे हैं। हड़ताल पर बैठे कॉलेज कर्मियों का कहना है कि जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को एसपीडी कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने धरने पर बैठे शिक्षकों से बातचीत की। बातचीत के क्रम में कालेज कर्मियों ने बारी- बारी से अपनी परेशानियों को विधायक के समक्ष साझा किया। शिक्षकों ने विधायक को बताया कि शासी निकाय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव के द्वारा कॉलेज के बड़ा बाबू के साथ धक्का मुक्की की गई। जब इसकी शिकायत थाना में की गई तो पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि आवेदन को दबा दिया गया। इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राजू प्रसाद को मनमाने तरीके से बिना शासी निकाय के सूचना और अनुमति के हटाकर डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा जायसवाल को बना दिया गया। साथ ही राजू प्रसाद राज एवं मदन सिंह का जनवरी माह से वेतन भी रोका गया है। इस अवसर पर विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि शासी निकाय के खिलाफ पिछले कई दिनों से शिक्षक अनिश्चितकाल धरना पर बैठे हैं।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2024-25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 26.09.2024 एवं 27.09.2024 को 10.00 बजे पूर्वा० से 03.00 बजे अप० तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 28.09.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 28.09.2024 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 8. | कार्य मद | :– | |
| 9. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | बसिया | Repair Work of Anganwadi Centre At- Gangra Nawatoli | 139100.00 | 3000.00 | 500.00 | 02 माह | IV |
| 2 | बसिया | Repair Work of Anganwadi Centre At- Maharajganj | 358200.00 | 7500.00 | 750.00 | 02 माह | IV |
| 3 | बसिया | Repair Work of Anganwadi Centre At- Bazrtand, Kumhari. | 446400.00 | 9000.00 | 750.00 | 02 माह | IV |

निविदा की शर्तें:– 1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. Bank certificate certified/Prescribed format के अनुसार निविदा डालने के समय देना अनिवार्य होगा।
4. ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह०/– कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR.NO.335775 NREP(24-25):D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## दक्षिण कोरिया ने सैन्य ठिकानों से हटाये 1,300 से अधिक चीन निर्मित कैमरे

**सोल।** उत्तर कोरिया की सीमा के पास स्थित सैन्य ठिकानों के अलावा सीमा से सटे विभिन्न अड्डों पर स्थापित 1,300 से अधिक चीन निर्मित निगरानी कैमरों को दक्षिण कोरियाई सेना ने हटा दिया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि जुलाई के अंत में सैन्य और खुफिया अधिकारियों को सैन्य उपकरणों की जांच के दौरान पता चला कि दक्षिण कोरियाई कंपनी द्वारा आपूर्ति किए गए निगरानी कैमरे चीन में बनाए गए हैं। सेना ने सुरक्षा चिंताओं के चलते सभी संबंधित उपकरणों को हटा दिया और अब उन्हें घरेलू उपकरणों से बदल रही है। वर्तमान में उनमें से लगभग 100 को नए सिरे से लगाया गया है। अधिकारी ने कहा, ''इन सीसीटीवी को ऐसे डिजाइन किया गया था कि ये चीनी सर्वर तक रिकॉर्डेड फुटेज भेजने में सक्षम थे।

## रूस ने विध्वंसक नीतियों का समर्थन करने पर 6 ब्रिटिश राजनयिकों को निकाला

**मॉस्को।** मॉस्को ने छह ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता रद्द कर दी है। देश की काउंटर-खुफिया एजेंसी एफएसबी ने इन अधिकारियों पर जासूसी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। एफएसबी ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन ने रूस को रणनीतिक पराजय देने के प्रयास में विध्वंसक नीतियों का समर्थन किया। इन प्रयासों का नेतृत्व विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय के पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया निदेशालय (ईईसीएडी) द्वारा किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ब्रिटेन द्वारा उठाए गए शत्रुतापूर्ण कदमों के मद्देनजर, रूसी विदेश मंत्रालय ने मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास के राजनीतिक विभाग के उन छह कर्मचारियों की मान्यता समाप्त कर दी, जिनके कार्यों में खुफिया और विध्वंसकारी कार्य के संकेत मिले थे।

## हैरिस के साथ अब और प्रेसिडेंशियल डिबेट नहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने किया ऐलान

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ अब किसी अन्य प्रेसिडेंशियल डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि उन्होंने मंगलवार रात को फिलाडेल्फिया में एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित बहस जीती है। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने हैरिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने फॉक्स न्यूज, एनबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज की तरफ से बहस के निमंत्रण को स्वीकार नहीं किया। वहीं डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि "मतदाताओं के प्रति हमारा यह दायित्व है कि हम एक और बहस करें। हैरिस की प्रचार टीम ने भी पहली बहस में जीत का दावा किया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के लिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**अजमेर।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के विकास के लिए होती है इसे हमें पूरी निष्ठा के साथ लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद हमारा लक्ष्य है, हमें सदैव अपनी जिम्मेदारियों को याद रखना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अजमेर और नागौर यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान किशनगढ़ स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया। उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं। स्वागत के बाद उपराष्ट्रपति ने पौधरोपण किया और फिर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद किया। धनखड़ ने 'विकसित भारत 2047 में उच्च शिक्षा की भूमिका' पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के विकास के लिए है और इसे हमें पूरी निष्ठा के साथ लागू करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रवाद की भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हमारे भारत को कोई सुई भी चुभती है तो 140 करोड़ लोगों को दर्द होता है। धनखड़ ने नाम लिए बिना राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ भटके हुए लोग भारतीय संविधान की शपथ के बाद भी राष्ट्रवाद से दूर हैं। हमारा लक्ष्य है राष्ट्रवाद और हमें अपनी जिम्मेदारियों को नहीं भूलना चाहिए।



### शिक्षा के बिना विकसित भारत का सपना मुमकिन नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के बिना विकसित भारत का सपना मुमकिन नहीं। हमें रोजाना कुछ नया सीखना चाहिए और अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रोजगार के विभिन्न साधनों की भी चर्चा की और कहा कि केवल सरकारी नौकरियां ही रोजगार का जरिया नहीं हैं, आज कई अन्य विकल्प भी उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में धनखड़ ने विश्वविद्यालय के कुलपति से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को दिल्ली आने का निमंत्रण दें, ताकि वे संसद, भारत मंडपम और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा कर सकें। अपने संबोधन के बाद उपराष्ट्रपति ने स्थानीय सरपंचों और ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उन्हें दिल्ली आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नागौर के खरनाल के लिए रवाना हो गए।

## हरियाणा चुनाव व हाई पावर कमेटी की धरनारत किसानों से बात

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधान सभा चुनाव व 8 को मतगणना है। इधर शंभू बॉर्डर खुलवाने की कोशिश हो रही है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाई गई कमेटी ने शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों से बातचीत शुरू कर दी है। यदि किसान मान गये ,और धरने से उठ गये , तो इसका लाभ हरियाणा विधान सभा चुनाव में कुछ दलों को मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित हाई पावर कमेटी अब सीधे किसानों से बात करेगी। कमेटी ने बुधवार को पंजाब-हरियाणा के मुख्य सचिवों व डीजीपी के साथ चंडीगढ़ के हरियाणा भवन में बैठक की।

कमेटी की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह के समक्ष दोनों प्रदेशों के मुख्य सचिव और डीजीपी ने स्टेटस रिपोर्ट दी। दो घंटे तक चली बैठक में शंभू बॉर्डर पर किसानों के पक्के मोर्चे से लेकर अब तक के घटनाक्रम में जत्थेबंदियों की मांगों को लेकर सौंपे गए मांग पत्र को भी कमेटी के साथ साझा किया गया। बैठक में मौजूद पंजाब के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कमेटी 13 सितंबर को शंभू बॉर्डर पर किसान जत्थेबंदियों के नेताओं से मुलाकात कर सकती है। किसान जत्थेबंदियों से मुलाकात कर कमेटी शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए उनके पक्षों को सुनने के बाद रिपोर्ट तैयार कर सुप्रीम कोर्ट की बेंच के समक्ष रखेगी। यह कमेटी 9 दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की गई थी। कमेटी का नेतृत्व कर रहे रिटायर जस्टिस नवाब सिंह ने अधिकारिक तौर पर बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि अभी शंभू बॉर्डर के मौजूदा हालात को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार से इनपुट लिए गए हैं।पंजाब की ओर से बैठक में मुख्य सचिव अनुराग वर्मा, पंजाब डीजीपी गौरव यादव और कृषि और किसान कल्याण के प्रशासनिक सचिव केएपी सिन्हा मौजूद रहे।किसान जत्थेबंदियों के साथ हाईपावर कमेटी की बैठक में कृषि अर्थशास्त्री भी शामिल होंगे। 13 सितंबर की बैठक में प्रो. रणजीत सिंह घुम्मन, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ सुखपाल सिंह और चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर बीआर कंबोज को भी बैठक का हिस्सा बनाया गया है।

# सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता की धारणा दूर करना चाहिए : जस्टिस उज्जवल

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों वाली बेंच में से एक जस्टिस उज्जवल भुइयां ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देते समय सीबीआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए।जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई को उसके बारे में बने इस तरह के भ्रम को दूर करना चाहिए कि वह पिंजरे का तोता है। बार एंड बेंच के मुताबिक जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई के द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य केवल ईडी के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को मिली जमानत को बेअसर करना था।

जस्टिस भुइयां ने ईडी के मामले में दी गई जमानत की शर्तों पर भी सवाल उठाए जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री सचिवालय जाने या फाइलों पर साइन करने से रोका गया है। उन्होंने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि उसका मकसद ईडी मामले में केजरीवाल को मिली जमानत को फेल साबित करना था। उन्होंने कहा कि जिस तरह ने सीबीआई का इस मामले में स्टैंड रहा है, वो गिरफ्तारी पर ही अनेक गंभीर सवाल खड़े करती है। अरविंद केजरीवाल को ज़मानत देते हुए जस्टिस उज्जवल भुइयां ने सीबीआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए. जस्टिस भुइयां ने कहा कि ऐसा लगता है कि ईडी मामले में निचली अदालत से मिली जमानत के बाद ही सीबीआई सक्रिय हुई। उसे 22 महीने तक गिरफ्तारी की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। ऐसी गिरफ्तारी पर सवाल उठते हैं।

मालूम हो कि तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई केस में 26 जून 2024 को अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हुए थे। वहीं, ईडी केस में 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार हुए थे। ईडी केस में 12 जुलाई तो सीबीआई केस में 13 सितंबर को जमानत मिली है।अरविंद केजरीवाल को मिली यह जमानत हरियाणा चुनाव को देखते हुए अहम है। अब हरियाणा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरा ज़ोर लगाकर लड़ सकेगी। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की 90 में से 90 विधान सभा सीटों पर उम्मीदवार खड़ा किये हैं। राहुल गांधी के कहने पर राज्य कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन की कोशिश की , लेकिन आम आदमी पार्टी ने गठबंधन नहीं किया।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** डिप्लोमा काफी पॉपुलर कोर्स होते हैं और इसकी मांग भी काफी ज्यादा होती है। इस कोर्स में थ्योरी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी दी जाती है। प्रैक्टिकल नॉलेज पर काफी बारीकी से ध्यान दिया जाता है जिससे छात्रों को आगे चल के फायदे हो।डिप्लोमा की अवधि अन्य कोर्स से कम होती है, इससे छात्र कम समय में कोर्स को करके अपने क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।कई सारी सरकारी और कॉर्पोरेट कंपनियां डिप्लोमा धारक छात्रों के लिए समय-समय पर भर्तियां निकालती रहती हैं, जिससे छात्रों के लिए नौकरियों के दरवाजे खुल जाते हैं।

# डिप्लोमा कोर्स कर बना सकते है अपना करियर



**नर्सिंग में डिप्लोमा :** नर्सिंग से निकलता है शब्द नर्स। डॉक्टर के साथ-साथ नर्स मरीज़ो का ध्यान और देख रेख करती है। नर्स बनने के लिए कई सारे कोर्स होते हैं उनमें से एक है नर्सिंग में डिप्लोमा। इस कोर्स को करके भी जॉब लग सकती है। मुख्य रूप से 3 साल का होता है।

### डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस

- कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा कई लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स में से एक है। आजकल ज्यादातर छात्र इस कोर्स को करने के इच्छुक हैं।
- यदि आप केवल दसवीं के बाद ही डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं तो आप इस कोर्स को कर सकते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है।
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस के बाद भी कई सारे डिग्री कोर्स है जो किए जा सकते हैं।

### समुद्री संबंधित डिप्लोमा कोर्स

- कई समुद्री-संबंधित डिप्लोमा कोर्सेज हैं जो इंजीनियरिंग डिप्लोमा की तुलना में अधिक संभावनाएं प्रदान करते हैं।
- यह क्षेत्र काफी विशाल है जिसमें आपको अपने करियर से जुड़ी कई संभानाएं देखने को मिल सकती हैं।
- छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए मर्चेंट नेवी के जहाज़ और ज़मीन पर प्रशिक्षण दिया जाता है।
- कोर्स 1 से 3 साल तक होता है जिसमें पहले 7-8 महीने जहाज़ पर और बाकी ज़मीन पर समय बिताया जाता है।
- प्रदान किया गया ज्ञान इच्छुक छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण और माना जाता है जिसमें थ्योरी के साथ साथ प्रशिक्षण से छात्र की योग्यता में बढ़ोतरी भी देखने को मिलती है।
- आप मरीन टेक्नोलॉजी, सेलिंग, मरीन पावर प्लांट इंजीनियरिंग और मरीन इंजीनियरिंग ड्राइंग जैसे कोर्स में डिप्लोमा हासिल कर सकते हैं।
- आपको समुद्री नौसेना में रुचि है तो यह कोर्स आपके लिए अत्यंत लाभ दायक साबित होगा।
- कोर्स के दौरान आपको पानी और ज़मीन का शानदार अनुभव मिलने की संभावना है।

### इंटीरियर डिजाइनिंग

- भव्य इमारतों का विकास जैसे तेज़ी से बढ़ रहा है उसी के अनुरूप इंटीरियर डिजाइनिंग की मांग भी बढ़ती जा रही है।
- आज के समय में इंटीरियर डिजाइनिंग एक प्रचलित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में से एक है।
- कई सिलेब्रिटीज इसमें रुचि ले रहे हैं और काम कर रहे हैं। यहां तक की बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में ही कई अभिनेत्रियां अपने अभिनय के साथ साथ इंटीरियर डिजाइनिंग भी कर रहीं हैं।
- ·इंटीरियर डिजाइनर का काम होता है इमारतों को सजाना तथा उपयोगी चीजों को अद्भुत आकृति और अद्भुत तरीके से डेकोरेट करना।
- टीवी शोज़ में आजकल भव्य मंच बनते हैं जिनमें इंटीरियर डिजाइनर की आवश्यकता होती है। जिसके कारणवर्श आज इसकी मांग बढ़ती जा रही है।
- यह कोर्स 1 से 2 साल का होता है। इसमें आपकी क्रिएटिविटी, समस्या को सुलझाना, कुछ अलग सोचना, कलात्मक क्षमता आदि की ज़रूरत होती है।
- इंटीरियर डिजाइनिंग मे डिप्लोमा में कई विषय पढ़ाए जाते हैं जैसे- डिजाइनर स्किल्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन, कंप्यूटर ऐडेड ग्राफिक डिजाइन, कलर थ्योरी एंड टेक्निक्स आदि। यदि आप भी इस प्रकार के कार्य में रुचि लेते हैं तो आपके लिए बेहतर विकल्प है।

### बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा

- आजकल बिजनेस मैनेजमेंट में करियर बनाना एक अच्छा विकल्प माना जाने लगा है।
- बिजनेस मैनेजमेंट में प्लानिंग, ऑर्गेनाइजिंग, एग्जीक्यूशन, डायरेक्शन आदि सिखाया जाता है।
- इसे करके आप किसी अच्छी कंपनी में जॉब कर सकते हैं या खुद का बिजनेस भी चला सकते हैं।
- बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा 12वीं में मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण होकर किया जा सकता है।
- बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा में कई विषय पढ़ाए जाते हैं जैसे- मैनेजमेंट थिअरी एंड प्रैक्टिस, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, मार्केटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग स्किल्स आदि भी सिखाई जाती है

### होटल प्रबंधन

- आजकल बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ हम लोग तरह-तरह के खाने को खाने के इच्छुक हो गए हैं।
- हर घर में स्वाद को प्राथमिकता देने वाले लोग उपलब्ध है जिसके चलते स्वादिष्ट भोजन हर पार्टी की शान माना जाता है।
- यदि हम अपने चारों ओर देखे तो होटल एक ऐसी जगह है जहां लोग आना पसंद करते हैं। इसी को देख कर कई लोग होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा करने को प्राथमिकता देते हैं।
- होटल मैनेजमेंट में हाउसकीपिंग से लेकर होटल का प्रबंधन करने तक सब कुछ सिखाया जाता है। होटल प्रबंधन में डिप्लोमा करते वक़्त कई विषय सिखाएं जाते हैं जिनमें से कुछ है जैसे- फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, बेसिक फूड प्रोडक्शन, एनवायरमेंटल स्टडीज़ आदि शामिल है।
- होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्स 3 साल का होता है।

### एनीमेशन और मल्टीमीडिया

- **आजकल कई मूवीज़, वीडियो, विज्ञापनों आदि में एनिमेशन और मल्टीमीडिया देखने को मिलता है।**
- एनिमेशन के ज़रिए आप उस चीज़ को भी दर्शा सकते हैं जो असलियत में हमारे सामने नहीं लेकिन उसे कंप्यूटर और अलग अलग सॉफ्टवेयर की मदद से दर्शाने का प्रयास किया जाता है।
- **कई सारी फिल्मों में एनिमेशन का प्रयोग किया जाता है। मुख्य तौर पे उनमें जहां स्टंट्स हों या अदाकार ऐसा कुछ करता दिखाई दे रहा हो जो असलियत में करना मुमकिन नहीं। उदाहरण के तौर पर अगर आप हॉलीवुड की मूवीज़ पर ध्यान दें तो स्पाइडर मैन, सुपर मैन जैसी फिल्मों में इसका ज़्यादा इस्तमाल आपको देखने को मिलेगा।**
- एनिमेशन और मल्टीमीडिया मूवीज़ वीडियोज़ आदि में जान डाल देते हैं और धीरे-धीरे इसका क्रेज़ बढ़ता जा रहा है इसलिए अधिकतर छात्र इसकी और आकर्षित हो रहे हैं।
- **12वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद यह कोर्स किया जा सकता है।**